राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 03
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 03 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 गौतमबुद्ध नगर में अब तक 66 प्रतिशत एसआईआर फार्म जमा
पेज 4 मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त निगरानी समिति के साथ
पेज 6 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से खिलाड़ियों को लाभ होगा

## संक्षिप्त खबरें

### चेन्नई मेट्रो तकनीकी खराबी के चलते टनल में फंसी

**चेन्नई।** चेन्नई में मंगलवार सुबह ब्लू लाइन की एक मेट्रो ट्रेन अचानक तकनीकी खराबी के चलते दो स्टेशन के बीच में ही रुक गई। यह घटना सेंट्रल मेट्रो और हाईकोर्ट स्टेशन के बीच हुई। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में अचानक बिजली चली गई और वे कोच में अंधेरे में फंस गए। यात्री 10 मिनट तक ट्रेन में रहे। इसके बाद अफसरों ने उनसे पैदल चलकर नजदीक के हाईकोर्ट स्टेशन तक जाने को कहा, यह दूरी लगभग 500 मीटर है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग रेलिंग पकड़कर सुरंग में पैदल चलते दिखाई दिए।

### प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम अब सेवा तीर्थ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। देश भर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। न्यूज एजेंसी ने सरकार के सूत्रों के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। पीएमओ के अफसरों ने कहा, सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है। इससे पहले केंद्र सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी रेस कोर्स रोड कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया था।

# कुवैत-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

▸ मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई; कोई विस्फोटक बरामद नहीं

**मुंबई।** कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-1234 को मंगलवार सुबह बम की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

अधिकारियों के मुताबिक, हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल मिला था, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक एयरबस ए321-251 NX विमान रात 1:56 बजे कुवैत से उड़ा था और सुबह 8:10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

विमान को सुरक्षित तरीके से उतारकर एयरपोर्ट के अलग-थलग इलाके में ले जाया गया है, जहां बम स्क्वायड और सुरक्षा टीमें पूरी जांच कर रही हैं। यात्रियों और क्रू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

# संचार साथी एप पर प्रियंका बोलीं-सरकार जासूसी करना चाहती है

## सरकार ने एक दिन पहले कहा था- सभी मोबाइल में इंस्टॉल होगा; कल बोली- डिलीट कर सकते हैं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सभी मोबाइल फोन में साइबर सिक्योरिटी एप संचार साथी को प्री-इंस्टॉल करने के दूरसंचार विभाग के आदेश पर विवाद बढ़ने के बाद मंगलवार को केंद्र सरकार की सफाई आई।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ये कंपलसरी नहीं है। चाहे तो यूजर इसे डिलीट कर सकते हैं।

केंद्र सरकार ने एक दिसंबर को स्मार्टफोन कंपनियों को आदेश दिया था कि वे स्मार्टफोन में सरकारी साइबर सेफ्टी एप को पहले से इंस्टॉल करके बेचें।

इसके लिए 90 दिन का समय दिया था। इस फैसले का कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि यह कदम लोगों की प्राइवेसी पर सीधा हमला है। यह एक जासूसी एप है।

सरकार हर नागरिक की निगरानी करना चाहती है। साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग के लिए सिस्टम जरूरी है, लेकिन सरकार का ताजा आदेश लोगों की निजी जिंदगी में अनावश्यक दखल जैसा है।

### विपक्ष के नेताओं के बयान..

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी सरकार के इस आदेश की आलोचना की है। वहीं, कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने मंगलवार को इस मुद्दे पर सदन स्थगन नोटिस भी दिया।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, मैं सदन में बहस के दौरान बोलूंगा ... अभी टिप्पणी नहीं करूंगा।

**कांग्रेस सांसद शशि थरूर** : संचार साथी एप उपयोगी हो सकता है, लेकिन इसे स्वैच्छिक होना चाहिए। जिसे जरूरत हो, वह खुद इसे डाउनलोड कर सके। किसी भी चीज़ को लोकतंत्र में जबरन लागू करना चिंता की बात है।



सरकार को मीडिया के जरिए आदेश जारी करने के बजाय जनता को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि इस फैसले के पीछे तर्क क्या है।

# चुनाव सुधारों पर लोकसभा में 9 दिसंबर को होगी चर्चा

## सरकार ने एसआईआर पर बहस के लिए अड़े विपक्ष को मनाया: 8 दिसंबर को वंदे मातरम् पर चर्चा

**नई दिल्ली।** चुनाव सुधार यानी एसआईआर पर लोकसभा में 9 दिसंबर को चर्चा होगी। संसद में दो दिन से फौरन चर्चा पर अड़ा विपक्ष बहस के लिए मान गया है।

मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया, 9 दिसंबर को इलेक्टोरल रिफॉर्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी।

साथ ही उन्होंने कहा- एक दिन पहले 8 दिसंबर को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी। इसके लिए भी 10 घंटे का समय तय किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में इस पर चर्चा करा रही है।




शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन हंगामे की वजह से सदन का कामकाज प्रभावित हुआ। विपक्ष स्क्ष्क्रऔर वोट चोरी के आरोप पर फौरन चर्चा की मांग पर अड़ा था।

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्य सभा में कहा एसआईआर की प्रोसेस के दौरान 12-13 लोगों की जान जा चुकी है। ये अर्जेंट मैटर है। फौरन चर्चा होनी चाहिए।

विपक्ष ने दोनों सदनों की कार्यवाही चलने नहीं दी। वोट चोर- गद्दी छोड़ के नारे लगाए।

इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दोनों पक्षों को अपने मीटिंग रूम में बुलाया था। यहां सहमति बनी कि कल से सदन बिना किसी हंगामे के चलेगा।

### आईएएस अफसर की बेटी ने फांसी लगाई

ताडेपल्ली, गुंटूर। आंध्र प्रदेश में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चिन्ना रामुडु की 25 साल की बेटी माधुरी साहितिबाई ने अपने मायके ताडेपल्ली में आत्महत्या कर ली। रविवार को माधुरी के बाथरूम से बाहर न निकलने पर परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ा। वह फांसी पर लटकी मिली। जांच में यह सुसाइड का मामला निकला है। माधुरी ने कुछ महीने पहले अपने पति राजेश नायडू पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। माधुरी और राजेश ने 5 मार्च 2025 को प्रेम विवाह किया और 7 मार्च को अपने-अपने परिवारों को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद शादी रजिस्टर भी कराई गई थी। प्रेम संबंध के दौरान माधुरी ने बैकलॉग की वजह से अपना बीटेक कोर्स बीच में ही छोड़ दिया था। शादी के कुछ महीनों बाद रिश्तों में तनाव बढ़ने लगा। कुछ समय पहले माधुरी ने अपने परिवार को फोन कर बताया था कि दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। शिकायत के बाद माता-पिता उसे सितंबर के पहले हफ्ते में अपने साथ ताडेपल्ली लेकर आ गए थे। परिवार ने बताया कि वह पति के घर वापस जाने से लगातार हिचकिचा रही थी। कुछ हफ्तों से वह गंभीर तनाव जैसी स्थिति में दिखाई दे रही थी।

# एअर इंडिया ने एक्सपायर फिटनेस सर्टिफिकेट वाला प्लेन उड़ाया

विमान ने 8 रूट्स पर उड़ान भरी; मामले से जुड़े लोगों को ड्यूटी से हटाया

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने अपने ए-320 नियो प्लेन को फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर होने के बाद भी 8 रूट्स पर उड़ाया। 26 नवंबर को एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को इसकी जानकारी दी।

मामला सामने के बाद डीजीसीए ने प्लेन की उड़ान भरने पर रोक लगा दी है। वहीं एक्सपायर सर्टिफिकेट के साथ प्लेन को उड़ने की परमिशन देने वाले एयरलाइन के स्टाफ को ड्यूटी से हटा दिया है। फिलहाल कौन-कौन लोग इसमें शामिल थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

# जनगणना-2027 दो फेज में होगी, पहला चरण अप्रैल 2026 से

## दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा, राहुल गांधी के सवाल का गृह मंत्रालय ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि जनगणना 2027 की प्रक्रिया दो स्टेज में होगी, जिसकी शुरुआत 2026 में घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा इकट्ठा करने से होगी।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक सवाल के लिखित जवाब में विवरण देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि पहले चरण में आवास



गणना और दूसरे चरण में आबादी की गणना की जाएगी। पहला फेज अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच 30 दिन में पूरा होगा।

इसके लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश टाइमलाइन तय करेंगे। दूसरा फेज जिसमें आबादी की गिनती होगी, वह फरवरी 2027 में होगा।

जनगणना 2027 की टाइमलाइन पिछली जनगणनाओं में अपनाए गए तरीकों की तरह ही रखी गई है। मंत्रालय के मुताबिक 1 मार्च 2027 को रात 12 बजे पूरे देश में गिनती के लिए रेफरेंस डेट होगी।

हालांकि लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों के लिए, आबादी की गिनती सितंबर 2026 में की जाएगी। 1 अक्टूबर 2026 को रेफरेंस डेट माना जाएगा।



## हैप्पी मॉर्निंग

लड़का और लड़की में हुआ
जबरदस्त झगड़ा
लड़का- तू काली कलूटी मोटी,
दांतली कही की
लड़की- तू नशेड़ी, शराबी कही
का लड़का- मैं तो कल सुबह
ठीक हो जाऊंगा
पर तू सारी
उम्र ऐसी ही
रहेगी.....



## शायरी

शिक्षा, स्वास्थ और रोजगार की
बातों से कतराते है,
विकास के नाम पर देश में दंगे
करवाते है.

# यूपी में बस में लगी भीषण आग, 3 जिंदा जले

## यात्री शीशा तोड़कर कूदे, 24 झुलसे; ट्रक की टक्कर के बाद हादसा

**बलरामपुर।** यूपी के बलरामपुर में ट्रक की टक्कर के बाद बस में आग लग गई। 3 लोग जिंदा जल गए और 24 झुलस गए। इनमें 6 की हालत गंभीर है। बस नेपाल बॉर्डर के पास सोनौली से रवाना हुई थी और दिल्ली जा रही थी। 2 मृतकों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। वहीं, एक महिला के शव की शिनाख्त हो गई है। वह नेपाल के गुल्मी की रहने वाली थी।





बस में 45 यात्री सवार थे। अधिकांश नेपाल के थे। बस चालक और कंडक्टर का भी कुछ पता नहीं है। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस घिसटती हुई 100 मीटर दूर हाईटेंशन लाइन वाले बिजली के खंभे से टकरा गई। खंभा टूटकर बस पर गिर गया। बस में करंट दौड़ गया। शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। देखते ही देखते बस आग का गोला बन गई। यात्री अंदर ही फंस गए। जान बचाने के लिए शीशा तोड़कर बाहर कूदने लगे। मौके पर चीख पुकार मच गई। किसी तरह बाहर निकले यात्रियों ने पुलिस को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीमें भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने आग बुझाने का काम शुरू किया। फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकाला।

घायलों को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। गंभीर घायलों को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ज्यादातर यात्री किसी तरह बस से बाहर आ गए। लेकिन, कुछ अंदर ही फंसे रहे। बाद में बस से 3 लाशें बरामद हुईं। इनमें 2 बुरी तरह से जल चुकी थीं।

उन्होंने बताया कि ट्रक में गर्म कपड़े लदे थे। इस वजह से ट्रक में भी आग लग गई। हादसा कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के फुलवरिया बाईपास पर सोमवार देर रात ढाई बजे के आसपास हुआ।

### राजस्थान में 3 दिन शीतलहर का अलर्ट

पहाड़ी राज्यों में दिसंबर की शुरुआत से बर्फबारी का मौसम बन रहा है। इसके चलते मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने लगी है। राजस्थान में आज से अगले 3 दिन शीतलहर की चेतावनी है। मौसम विभाग के अनुसार चूरू, झुंझुनूं और सीकर में कोल्ड-वेव का यलो अलर्ट रहेगा। बिहार में पटना, गोपालगंज, बेतिया, समस्तीपुर समेत 8 जिलों में कोहरा छाया हुआ है। बेगूसराय में बादल छाए रहे। लो विजिबिलिटी के चलते 11 फ्लाइट्स लेट रहीं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज होगी। हिमाचल में कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है। राज्य के 24 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। लाहौल स्पीति के ताबो का न्यूनतम तापमान भी माइनस -8 डिग्री तक गिर गया है।

# पंजाब में किसानों का रेल रोकने का ऐलान

19 जिलों में 26 जगह पटरियों पर बैठेंगे; 5 को दो घंटे का प्रदर्शन, हाईवे नहीं रोकेंगे

**अमृतसर।** शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन करने वाले किसान मजदूर मोर्चा 5 दिसंबर को पंजाब में रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान कर दिया है।

केएमएम के संयोजक सरवण पंधेर ने कहा कि पूरे प्रदेश में 26 जगह ट्रेनें रोकी जाएंगी।

यह प्रदर्शन दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक यानी 2 घंटे के लिए किया जाएगा। इस दौरान रोड जाम नहीं होगी। पंधेर ने कहा कि एमएसपी की गारंटी के कानून समेत किसानों की कई मांगों पर केंद्र और पंजाब सरकार की तरफ से फैसला नहीं लिया गया है।

इसकी वजह से किसानों को प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों के प्रदर्शन से अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला और बठिंडा समेत 19 जिलों से गुजरने वाली कई जिलों में ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ेगा।

किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि किसानों की तरफ से केंद्र से एमएसपी की गारंटी कानून की मांग की जा रही है।

इसके अलावा बिजली सुधार बिल-2025 भी रद्द नहीं किया गया। उनकी मांग है कि प्रीपेड मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाए जाएं।

## अर्थसार



संसेक्स:
85,138.27
-503.62 (0.59%)
निफ्टी:
26,032.20
-143.55

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 22 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 07 डिग्री से0 |
| सूर्योदय गुरुवार | : | 7 : 02 |
| सूर्यास्त बुधवार | : | 5 : 30 |

# राजस्थान में विस्फोटक से भरा ट्रक पकड़ा

## डेटोनेटर और जिलेटिन छड़ें भी मिली, 2 गिरफ्तार

**राजसमंद।** राजस्थान के राजसमंद जिले में विस्फोटक से भरा ट्रक पकड़ा गया। यह ट्रक इको प्राइम विस्फोटक, जिलेटिन की छड़ें और डेटोनेटर लेकर जा रहा था। पुलिस ने ट्रक में बैठे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला श्रीनाथजी थाना इलाके के त्रिनेत्र सर्किल का मंगलवार सुबह का है।

डीएसपी शिप्रा राजावत ने बताया- आमेट से नाथद्वारा की ओर आ रहे बिना नंबर के टाटा 407 ट्रक को रूटीन चेकिंग के दौरान रोका गया था। तलाशी लेने पर ट्रक में भारी मात्रा में डेटोनेटर, जिलेटिन की छड़ें और




विस्फोटक सामग्री पाई गई। ड्राइवर और उसके साथी से जब विस्फोटक सामग्री से जुड़े आवश्यक दस्तावेज मांगे गए तो उनके पास कोई भी कागजात नहीं था। पुलिस ने हिम्मत सिंह (30) और भगवत सिंह (25) को गिरफ्तार किया है।

आर्थिक अपराधी

इनमें विजय माल्या, नीरव मोदी शामिल; 19 हजार करोड़ वसूले, 39 हजार करोड़ अब भी बकाया

# 15 भगोड़े अपराधियों ने बैंकों के 58 हजार करोड़ हड़पे

जयपुर। सरकार ने विजय माल्या, नीरव मोदी सहित 15 लोगों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। इन 15 लोगों ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के 58 हजार करोड़ के लोन नहीं चुकाए और विदेश भाग गए। इनमें विजय माल्या, नीरव मोदी, संदेसरा बंधुओं के नाम शामिल हैं। सरकार ने इन भगोड़ों से 19 हजार करोड़ वसूले हैं, लेकिन 39 हजार करोड़ अब भी बकाया चल रहे हैं। बैंकों ने इस रकम को नॉन परफॉर्मिंग असेट घोषित कर दिया है।

दौसा से कांग्रेस सांसद मुरारी लाल मीणा के सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया-



भगोड़े आर्थिक अपराधियों से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 26,645 करोड़ की मूल रकम के साथ 31,437 करोड़ के ब्याज को मिलाकर 58 हजार 82 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अब तक इनसे 19,187 करोड़ रुपए की वसूली हुई है। केवल संदेसरा बंधुओं (नितिन और चेतन) ने एकमुश्त सेटलमेंट प्रक्रिया के तहत 1630 करोड़ रुपए चुकाए हैं। बैंकों ने 3542 करोड़ की छूट की पेशकश की है।

### कानूनी प्रतिबंध या निगरानी सूची में रखने की नीति बनाने से इनकार

भविष्य में आर्थिक अपराधियों को देश छोड़ने से पहले कानूनी रूप से प्रतिबंधित करने या निगरानी सूची में रखने से सरकार ने इनकार कर दिया है। मुरारी मीणा के सवाल के जवाब में कहा- सरकार ऐसी कोई नीति नहीं बना रही है।

### माल्या पर सबसे ज्यादा एसबीआई का 7993 करोड़ बकाया

विजय माल्या पर 9 पब्लिक सेक्टर बैंकों का 12 हजार करोड़ से ज्यादा बकाया है। सबसे ज्यादा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 7993 करोड़ बकाया हैं।

### नीरव मोदी पर 10 बैंकों के 8507 करोड़ डूबे, पीएनबी से 6705 करोड़ की धोखाधड़ी

नीरव मोदी पर 10 बैंकों के 8507 करोड़ रुपए डूबे हुए हैं। सभी खाते एनपीए हैं। सभी 10 बैंक पब्लिक सेक्टर के बैंक हैं, जिनमें सरकार की हिस्सेदारी है। नीरव मोदी पर सबसे ज्यादा पंजाब नेशनल बैंक का बकाया है। इसमें 6705 करोड़ की गैर उधार धोखाधड़ी का पैसा शामिल है।

### सुदर्शन वेंकटरमन, रामानुज शेषारथिनम पर तीन बैंकों के 2306 करोड़ डूबे

जाइलॉग सिस्टम के सुदर्शन वेंकटरमन, रामानुज शेषारथिनम पर तीन बैंकों के 2306 करोड़ का कर्ज डूबत में हैं। दोनों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर रखा है। केनरा बैंक के सबसे ज्यादा 1215 करोड़ बकाया हैं। इनके खाते एनपीए हैं।

## संपादकीय

# गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर दबाव

### बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम के साथ जवाबदेही



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत में लोकतंत्र की जड़ें मतदाता सूची की शुद्धता और निष्पक्षता में निहित हैं। चुनाव आयोग द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाला विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SSR) और अब प्रस्तावित गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान एक बार फिर चर्चा में है। 2025-26 के लिए निर्वाचक नामावली को पूरी तरह शुद्ध, स्वस्थ और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने गहन सत्यापन (Intensive Verification) का निर्णय लिया है। इसमें मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं को हटाना, 18 वर्ष पूरे कर चुके नए मतदाताओं को जोड़ना और फॉर्म-8 के माध्यम से आए संशोधनों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। लेकिन इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के पीछे सबसे अधिक दबाव बूथ स्तरीय अधिकारियों पर पड़ रहा है।

### बीएलओ पर बढ़ता बोझ और समय की कमी

एक बूथ स्तरीय अधिकारी सामान्यत: 1200-1500 मतदाताओं का प्रभारी होता है। गहन पुनरीक्षण में उसे हर घर जाकर फॉर्म-6, फॉर्म-7, फॉर्म-8 के दावे-आपत्तियों का भौतिक सत्यापन करना होता है। इसमें फोटो, आयु प्रमाण, निवास प्रमाण आदि की जाँच के साथ-साथ मतदाता की वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करनी होती है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिना भौतिक सत्यापन के कोई प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी।

लेकिन वास्तविकता यह है कि अधिकांश बीएलओ सरकारी स्कूलों के शिक्षक या अन्य विभागों के कर्मचारी होते हैं, जिनका मूल कार्य पहले से ही प्रभावित रहता है। दिसंबर-जनवरी का समय परीक्षाओं, मूल्यांकन और वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों का होता है। ऊपर से गहन पुनरीक्षण का दबाव डाल दिया गया है। कई राज्यों में बीएलओ को 25-30 दिसंबर तक पूरा कार्य सौंपने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि जनवरी में विशेष अभियान तिथियाँ भी निर्धारित हैं। इतने कम समय में हजारों घरों में जाकर सत्यापन करना व्यावहारिक रूप से असंभव-सा लगता है।

### जवाबदेही का बढ़ता दायरा

चुनाव आयोग ने इस बार जवाबदेही को बहुत सख्त कर दिया है। यदि कोई मृत मतदाता सूची में रह जाता है या कोई अयोग्य व्यक्ति मतदाता बन जाता है तो सीधे बीएलओ, ईआरओ और डीईओ पर कार्रवाई का प्रावधान है। कई जिलों में बीएलओ को शपथ-पत्र देना पड़ रहा है कि उन्होंने स्वयं भौतिक सत्यापन किया है। जीपीएस लोकेशन के साथ फोटो अपलोड करने के निर्देश हैं। बीएलओ ऐप में हर प्रविष्टि को अपडेट करना अनिवार्य है।

यह सख्ती अच्छी है, पर जब संसाधन नहीं हैं तो यह दबाव तनाव में बदल जाता है। एक बीएलओ ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हम दिन में स्कूल पढ़ाते हैं, शाम को घर-घर जाते हैं, रात में ऐप में डाटा भरते हैं। नींद नहीं आती। ऊपर से अधिकारी धमकाते हैं कि गलती हुई तो निलंबन हो जाएगा।

### जमीनी चुनौतियाँ

शहरी क्षेत्रों में अपार्टमेंट्स में प्रवेश नहीं मिलता, ग्रामीण क्षेत्रों में घर दूर-दूर होते हैं। प्रवासी मजदूर, किराए के मकान, बिना दस्तावेज वाले गरीब परिवार—इन सबके सत्यापन में भारी दिक्कत आती है। कई जगह राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता बीएलओ के साथ चलकर दबाव बनाते हैं कि उनके पक्ष के मतदाताओं को जोड़ा जाए या विरोधियों को हटाया जाए।

### संतुलित रुख की जरूरत

निर्वाचक नामावली की शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने भी N.N. गोस्वामी मामले में कहा था कि मृत मतदाताओं को तुरंत हटाया जाए। लेकिन इसके लिए बीएलओ को केवल डंडा दिखाने की बजाय सहायता भी चाहिए।

### कुछ सुझाव हैं

अतिरिक्त बीएलओ नियुक्त किए जाएं या रिटायर्ड कर्मचारियों/एनजीओ को शामिल किया जाए।

समय सीमा यथार्थवादी हो, कम से कम 3-4 माह का समय मिले।

बीएलओ को विशेष भत्ता और कार्यमुक्ति दी जाए।


डिजिटल सत्यापन को और मजबूत किया जाए ताकि भौतिक दौरा कम हो।

अंत में, गहन मतदाता पुनरीक्षण लोकतंत्र को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कदम है, पर इसे सफल बनाने के लिए बूथ स्तरीय अधिकारियों पर अत्यधिक दबाव डालने की बजाय उन्हें सशक्त और प्रोत्साहित करना होगा। क्योंकि अंतत: लोकतंत्र की असली रीढ़ यही बीएलओ हैं, जो बूथ तक लोकतंत्र पहुँचाते हैं। उनके कंधों पर जिम्मेदारी है, पर उनके मन में भय नहीं, गर्व होना चाहिए।




# नए भारत को सुरक्षा एवं संवेदना वाली नई पुलिस चाहिए

-ललित गर्ग-




भारतीय लोकतंत्र में पुलिस व्यवस्था कानून-व्यवस्था की आधारभूत धुरी है, परंतु आम नागरिक के मानस में पुलिस की छवि अभी भी कठोरता, डर और दमन से जुड़ी हुई है। इसे केवल अधिकार जताने वाली शक्ति समझा गया है, संवेदनशीलता, जवाबदेही और मित्र भाव से नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में इसी जटिलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस की छवि तभी बदलेगी जब व्यवस्था अधिक प्रोफेशनल, अधिक उत्तरदायी और अधिक मानवीय बने। विकसित भारत की दृष्टि में पुलिस का पुनर्गठन केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि समाज में भरोसे को पुनर्जीवित करने का कार्य भी है। पुलिस के पास अपराध नियंत्रण, आतंकवाद-निरोध, भीड़ प्रबंधन, आपदा राहत, नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान, चुनाव ड्यूटी और वीआईपी सुरक्षा जैसी असंख्य जिम्मेदारियां हैं, लेकिन संसाधन सीमित हैं, कार्य-भार भारी और राजनीतिक दबाव व्यापक हैं। कुछ अधिकारियों के भ्रष्ट या कठोर व्यवहार ने संपूर्ण पुलिस व्यवस्था की छवि पर चोट पहुंचाई है, इसलिए जनता पुलिस के निकट आने पर भी भय का अनुभव करती है। प्रधानमंत्री ने इस स्थिति बदलने की स्पष्ट आवश्यकता जताई और युवाओं में पुलिस की सकारात्मक छवि निर्माण पर बल दिया ताकि आने वाली पीढ़ी पुलिस को मित्र और संरक्षणकर्ता के रूप में पहचाने।

भारतीय लोकतंत्र के संरचनात्मक स्तंभों में पुलिस की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। वह केवल अपराधियों से मुकाबला करने वाली शक्ति नहीं बल्कि कानून-व्यवस्था, नैतिकता और जनविश्वास की संरक्षक है। परंतु विडम्बना यह है कि आम जनता के मानस में पुलिस की छवि आज भी कठोरता, डर, भ्रष्टाचार और दमन से जुड़ी हुई दिखाई देती है। समाज पुलिस को डंडे और खाकी के प्रतीक रूप में पहचानता है, संवेदनशीलता और जवाबदेही के दृष्टिकोण से नहीं। यही कारण है कि पुलिस सुधार दशकों से विमर्श का विषय तो रहा, लेकिन कभी जनांदोलन नहीं बन सका, न चुनावी मुद्दा बना और न ही गंभीर राजनीतिक प्राथमिकता। इसलिये मोदी ने शहरी पुलिसिंग को मजबूत करने, पर्यटक पुलिस को फिर से सक्रिय करने, विश्वविद्यालयों को फोरेंसिक अध्ययन के लिए प्रेरित करने और नए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम तथा नागरिक सुरक्षा संहिता पर व्यापक जनजागरूकता चलाने की जरूरत रेखांकित की। उनका यह दृष्टिकोण पुलिस को प्रतिक्रियाशील संस्था से आगे बढ़ाकर बुद्धिमान, वैज्ञानिक, पूर्वानुमान आधारित और विश्वसनीय संस्था बनाने की दिशा है।

प्रधानमंत्री की दृष्टि का महत्वपूर्ण आयाम यह है कि पुलिस केवल कानून लागू करने वाली मशीन नहीं बल्कि समाज का सहभागी तंत्र है। यदि पुलिस व्यवहार में संवेदनशीलता, संवाद, पारदर्शिता और विनम्रता विकसित करे तो जनविश्वास स्वत: बढ़ेगा। नए कानूनों के बारे में जन-जागरूकता अभियान इसी सोच का हिस्सा है, क्योंकि कानून तभी प्रभावी होते हैं जब जनता उन्हें समझती और स्वीकार करती है। अपराध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, इसलिए पुलिस का प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता, इंटेलिजेंस नेटवर्क और फोरेंसिक क्षमता मजबूत होना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री ने नेटग्रिड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एकीकृत डेटाबेस के प्रभावी उपयोग पर जोर देकर पुलिसिंग को डेटा आधारित, कृत्रिम बुद्धिमता-एआई और वैज्ञानिक सोच से जोड़ने की दिशा दिखाई है।

उन्होंने प्रतिबंधित संगठनों की सतत निगरानी, नशीली दवाओं के विरुद्ध बहुस्तरीय रणनीति, कट्टरपंथ से प्रभावित क्षेत्रों में विकास आधारित समाधान, तटीय सुरक्षा के नवाचार, तथा प्राकृतिक आपदाओं में सक्रिय पुलिस नेतृत्व की आवश्यकता भी व्यक्त की। यह सब उस व्यापक सोच का हिस्सा है जिसमें पुलिस केवल अपराध से लड़ने वाली व्यवस्था नहीं बल्कि विकास की रणनीतिक सहभागी शक्ति है।

परंतु पुलिस सुधार केवल निर्देशों से संभव नहीं; इसके लिए संतुलित एवं अत्याधुनिक ढांचे की जरूरत है जिसमें प्रशिक्षण, संसाधन, मनोबल, आचार-नीति, राजनीतिक निर्भरताओं से मुक्ति और सामाजिक सम्मान शामिल हों। आलोचना जितनी महत्वपूर्ण है, पुलिस के संघर्षों को समझना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि इसी दोतरफा समझ से सुधार का रास्ता निकलता है। प्रधानमंत्री की अपेक्षा है कि पुलिस नेतृत्व खुद को नए भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार करे, लक्ष्य स्पष्ट करे और वह व्यवस्था बनाए जिसमें नागरिक पुलिस को भय से नहीं बल्कि विश्वास से देखें। विकसित भारत की यात्रा में सुरक्षा, न्यायबोध और अनुशासन की संरचना को सशक्त बनाने के लिए पुलिस का आधुनिक, मानवीय और विश्वसनीय स्वरूप अनिवार्य है। यह सुधार केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सोच, दृष्टि और चरित्र का परिवर्तन है। तभी खाकी का सम्मान लौटेगा, जनता का विश्वास मजबूत होगा और पुलिस व्यवस्था वास्तव में लोकतंत्र की प्रहरी के रूप में पहचानी जाएगी।

प्रधानमंत्री के ताजा विचारों ने स्पष्ट किया है कि पुलिस की छवि सुधारने का अर्थ केवल कठोरता घटाना नहीं, बल्कि उसे प्रोफेशनल, संवेदनशील और जवाबदेह बनाना है। आज जरूरत इस बात की है कि पुलिस व्यवस्था के लिए भय का नहीं, विश्वास और सुरक्षा का केंद्र बने। शहरी पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, पर्यटक पुलिस को पुनर्जीवित करने और नए आपराधिक कानूनों पर जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में पहल इसलिए महत्वपूर्ण है कि इससे पुलिस डंडे की ताकत से आगे बढ़कर मदद की शक्ति बनेगी। यदि नागरिक को यह अनुभव होने लगे कि पुलिस मदद के लिए तत्पर है, उसके अधिकारों का सम्मान करती है और कानून का निष्पक्ष पालन करती है, तो खाकी वर्दी का अर्थ केवल अनुशासन नहीं बल्कि विश्वास, अभय और सहारा प्रतीत होगा। यही वह परिवर्तन है जो विकसित भारत की सोच में निहित है।

अंग्रेज़ी शासकों ने अपने शासन को थोपने, जनता को नियंत्रित करने और भय-आधारित प्रशासन चलाने हेतु पुलिस तंत्र की रचना की। 1860 के कानून के आधार पर स्थापित भारतीय पुलिस का मूल चरित्र दंडात्मक, शासक-केन्द्रित और कठोर शक्ति-प्रयोग वाला था। स्वतंत्रता के बाद भी इस व्यवस्था में सार्थक बदलाव न होना एक विडंबना है। आज़ाद भारत ने लोकतंत्र अपनाया पर पुलिस ढांचे ने अभी तक औपनिवेशिक सोच को पूरी तरह त्यागा नहीं। परिणामत: पुलिस जनसेवा की बजाय सत्ता को बचाने और भय पैदा करने का उपकरण बनी रह गई। आज आवश्यकता है कि भारत का पुलिस तंत्र भारत के मूल्यों के अनुरूप पुनर्निर्मित हो। विकसित भारत को विकसित सोच वाली पुलिस चाहिए जो नागरिकों के साथ विश्वास-आधारित संबंध बनाए, दमन नहीं बल्कि संरक्षण दे, और कानून को लागू करने में नैतिकता, पारदर्शिता और मानवता को प्राथमिकता दे। ऐसी पुलिस व्यवस्था ही सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की प्रहरी बन सकती है और भारत की सभ्यता-संस्कारों का प्रतिबिंब भी।


इसी संदर्भ में पुलिस थानों के नामकरण की सोच पर पुनर्विचार भी आवश्यक है। थाना शब्द में दमन और भय की छाया रही है, जबकि लोकतांत्रिक समाज में वह नागरिक सहारा का स्थान होना चाहिए। यदि उन्हें सुरक्षा केंद्र, नागरिक सहायता केंद्र, पुलिस सेवा भवन, अभय केंद्र या सहयोग प्रहरी केंद्र जैसे नाम दिए जाएं तो नागरिक के मानस में पुलिस की भूमिका का अर्थ बदलने लगेगा। नाम केवल शब्द नहीं होता, वह भाव, चरित्र और अनुभव निर्मित करता है। इस सकारात्मक नामकरण से पुलिस केन्द्र केवल शिकायत या धमकाने का प्रतीक नहीं बल्कि सहायता, समस्या-समाधान, विश्वास और न्याय का केन्द्र बन सकता है। यह प्रतीकात्मक परिवर्तन, यदि व्यवहार सुधार के साथ जुड़ जाए, तो पुलिस के प्रति जनता में सम्मान, निर्भयता और साझेदारी की भावना और अधिक मजबूत होगी और यही वह दिशा है जिसे विकसित भारत की सुरक्षा, नीतिगत सोच और संवेदनशील शासन का स्वरूप कह सकते हैं।

इसके विपरीत आज की वास्तविकता यह है कि जब पुलिस दरवाजे पर आती है, तो नागरिक घबराता है-कहीं फंस न जाऊं। यह भय उस विश्वासहीनता का परिणाम है जिसे बदलना आवश्यक है। अपराध की प्रकृति बदल रही है, साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, आतंकवाद, मानव तस्करी, ड्रग नेटवर्क-इनसे मुकाबले के लिए बेहतर प्रशिक्षण, तकनीक और इंटेलिजेंस चाहिए। लोकतंत्र में पुलिस सबसे प्रत्यक्ष शासन-कर्म है। जनता रोज उसे देखती, झेलती और समझती है। खराब अनुभव सीधे शासन के प्रति अविश्वास पैदा करते हैं। विकसित भारत 2047 की आकांक्षाओं में पुलिस वह संरचना है जो सुरक्षा, अनुशासन, न्याय और सामाजिक साझेदारी को सुनिश्चित करती है। पुलिस की वर्दी के भीतर मनुष्य, संवेदना और विवेक दिखाई दे, तभी खाकी का सम्मान लौटेगा और जनता का विश्वास सुदृढ़ होगा।

नए भारत के निर्माण में पुलिस का यह रूपांतरण एक निर्णायक धुरी होगा, जहां सुरक्षा और संवेदनशीलता साथ-साथ चलें, और जहां कानून केवल भय नहीं बल्कि न्याय और विश्वास का प्रतीक बने।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3728




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3727 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक साधु बाजार में घूम रहा था। रास्ते में वह एक दुकानदार से बोला- बच्चा! साधु बाबा को कुछ दक्षिण दे दें। प्रभु की लीला हुई तो तेरी किस्मत पूरी तरह बदल जाएगी।

दुकानदार बोला- साधु बाबा, आप तो मुझे माफही करो। मुझे प्रभु की लीला नहीं चाहिए, पहले ही मैं अपनी एक लीला से परेशान हूं। दूसरी लीला का मैं क्या करूँगा।

□ □ □

एक नवविवाहित पति-पत्नी एक बहुत शानदार मकान में जीवन व्यतीत कर रहे थे। कुछ दिन बाद ही शहर में कुछ प्रसिद्ध कलाकारों का आगमन हुआ, उनके पास डाक से नाटक के दो टिकट आए।

टिकटों के साथ एक पर्चा था, जिस पर लिखा हुआ था- यह उपहार मैं भेज रहा हूँ। भेजने वाला बाद में आएगा।

पति-पत्नी खुश होकर नाटक देखने गए। जब आधी रात को घर लौटे तो देखा कि घर की सभी वस्तुओं का सफाया हो चुका था।

मेज पर कागज का एक पर्चा पड़ा था, जिस पर लिखा था- अब पता चला टिकट किसने भेजे थे?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3728



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अनिल, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सांवन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलुदे, आयशा टकिया की फिल्म-२
१५. शाहरूख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-२
२२.'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेंन्द्र, जयप्रदा की एक पारिवारीक फिल्म-१
२५. 'सौ सवालों का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, कैटरीना, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'जुड़वाँ' में सलमान के साथ करिशमा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'मेरे ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश में और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुदकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेंन्द्र, फरहा, जयाप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीन्हीं रंग दीन्हीं' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3727



## सूडोकु -3728

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3727 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## शब्द पहेली - 3728



**बाएँ से दाएँ**

1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

### शब्द पहेली - 3727 का हल



# गौतमबुद्ध नगर में अब तक 66 प्रतिशत एसआईआर फार्म जमा

## 18.65 लाख मतदाताओं का सत्यापन होना है, मतदाता के पुनरीक्षण के काम में देरी

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है। जिले में वितरित गणना प्रपत्रों में से अब तक केवल 66 प्रतिशत ही जमा हो पाए हैं, जबकि अभियान समाप्त होने में नौ दिन शेष हैं।

अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में प्रपत्र जमा न करने वाले मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकते हैं।



अब तक लगभग 1.30 लाख मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा चुके हैं।

जिला प्रशासन मतदाताओं के सत्यापन के लिए लगातार शिविर आयोजित कर रहा है। यह अभियान 4 नवंबर को शुरू हुआ था, जिसका उद्देश्य जिले के 18.65 लाख मतदाताओं का सत्यापन करना है। पहले इसकी अंतिम तिथि 4 दिसंबर थी, जिसे निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दिया है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों का वितरण पूरा हो चुका है और अब इन्हें जमा कराने का चरण चल रहा है।

सोमवार तक जमा हुए 66 प्रतिशत प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा हो गया है, लेकिन शेष 34 प्रतिशत प्रपत्रों को जमा कराना प्रशासन के लिए एक चुनौती बना हुआ है।

अधिकारियों ने उन क्षेत्रों की पहचान की है जहां प्रपत्र कम जमा हो रहे हैं। इन क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाकर शत-प्रतिशत प्रपत्र संग्रह का लक्ष्य हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नाम हटाने की कार्रवाई जारी है।

अभियान के दौरान कॉलेजों में लगाए गए शिविरों में यह सामने आया कि लगभग 80 प्रतिशत छात्र अब दूसरी जगह रह रहे हैं। शारदा विश्वविद्यालय के बूथ पर भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली, जहां बड़ी संख्या में छात्र स्थानांतरित हो चुके हैं।

प्रशासन ने अभियान को गति देने के लिए सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) की निगरानी तेज कर दी है, जिसमें कम प्रदर्शन करने वाले और शीर्ष प्रदर्शन करने वाले दोनों शामिल हैं। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट सहित पूरी टीम बीएलओ की सहायता कर रही है, ताकि निर्धारित समय में एसआईआर अभियान पूरा किया जा सके।

## नोएडा में एसआईआर में लापरवाही पर एक्शन

आगामी विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता सामने आई है। इसे गंभीरता से लेते हुए नोएडा प्राधिकरण ने सख्त कदम उठाया है। प्राधिकरण ने सहायक मैकेनिक-कम-ऑपरेटर विश्राम सिंह और कनिष्ठ सहायक नीरज देवी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप है। प्राधिकरण का कहना है कि चुनाव संबंधी कार्य में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दरअसल, 4 नवंबर 2025 से गणना प्रपत्रों का वितरण और संग्रह किया जाना था।

तहसीलदार दादरी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (61-नोएडा विधानसभा) की रिपोर्ट के अनुसार विश्राम सिंह को पर्यवेक्षक व नीरज देवी को बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया था।

26 नवंबर 2025 तक उनके द्वारा सौंपे गए फार्म डिजिटलाइजेशन और पुनरीक्षण कार्य की प्रगति अत्यंत असंतोषजनक थी।

जिससे शासकीय कार्य में बाधा आ रही है। जिसे निर्वाचन आयोग के निर्देशों की सीधा उल्लंघन माना गया। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 व नोएडा सेवा नियमावली 1981 के प्रावधानों के उल्लंघन के चलते मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा ने विश्राम सिंह व नीरज देवी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नोएडा पर्थला सिग्नेचर ब्रिज के नीचे बनेगा अंडरपास

## पीपीटी प्रजेंटेशन तैयार किया जा रहा, 710 मीटर लंबा, 4 लेन होंगी

**नोएडा।** नोएडा के पर्थला सिग्नेचर ब्रिज के नीचे अंडरपास बनाया जाएगा। इसका पीपीटी प्रजेंटेशन तैयार किया जा रहा है। सीईओ के सामने इसे रखा जाएगा। यह अंडरपास एफएनजी एक्सप्रेसवे पर छिजारसी से सोरखा की तरफ जाने वाले रास्ते पर बनाया जाएगा। डिजाइन के आधार पर इसकी डीपीआर तैयार की जाएगी। जिसके बाद बजट को फाइनल किया जाएगा।



नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि पर्थला गोलचक्कर पर इस समय सिग्नेचर ब्रिज बनाया हुआ है। यह सेक्टर-71 अंडरपास की तरफ से जाते समय किसान चौक की ओर आने-जाने के लिए बना हुआ है। अब इस सिग्नेचर ब्रिज के नीचे अंडरपास बनाया जाएगा। यह अंडरपास एफएनजी एक्सप्रेसवे (फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद) के रास्ते पर बनाया जाएगा। अभी एफएनजी एक्सप्रेसवे पूरा शुरू नहीं होने के कारण ट्रैफिक कम है, लेकिन इसके पूरी तरह से बन जाने पर यहां सिग्नेचर ब्रिज के नीचे गोलचक्कर पर जाम लगेगा।

### 710 मीटर लंबा होगा अंडरपास

इसको देखते हुए प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने यहां का जायजा लेते हुए अंडरपास बनाने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। अब प्राधिकरण ने अंडरपास बनाने की योजना तैयार कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह अंडरपास चार लेन का बनाया जाएगा। इस अंडरपास की लंबाई 710 मीटर की होगी।

अंडरपास के बनने से सिग्नेचर ब्रिज से किसान चौक जाने का रास्ता बेहतर हो जाएगा। अंडरपास से सोरखा की तरफ बिसरख पर बने पुल से होकर ग्रेनो वेस्ट की तरफ जा सकेंगे। मेरठ एक्सप्रेसवे की तरफ जाना आसान होगा।

इस अंडरपास से फेज टू, सोरखा की तरफ से आकर छिजारसी के सामने से होकर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की तरफ आसानी से जा सकेंगे। अभी छिजारसी के सामने थोड़ी जाम की समस्या होती है।

## अटेवा कार्यकर्ताओं ने एफआईआर की प्रतियां जलाईं

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में ऑल टीचर्स एम्प्लॉइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जेवर और दादरी समेत जिलेभर में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने एफआईआर की प्रतियां जलाकर सरकार के फैसले पर नाराजगी जताई। यह विरोध पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 25 नवंबर को जंतर मंतर, नई दिल्ली में हुए प्रदर्शन के बाद दर्ज हुई एफआईआर के खिलाफ था। जिला संयोजक रविंद्र सिंह ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने एफआईआर दर्ज करने को लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया। जिला महामंत्री जगवीर भाटी ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र और न्याय की भावना पर सीधा प्रहार करार दिया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नौरंगी देवी ने स्पष्ट किया कि जंतर मंतर पर हुआ धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण था। उन्होंने एफआईआर दर्ज करने को कर्मचारियों का मनोबल तोड़ने का प्रयास बताया। जेवर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र विश्वकर्मा ने निर्दोष साथियों पर दर्ज एफआईआर को तुरंत वापस लेने की मांग की। दनकौर ब्लॉक अध्यक्ष दीपक भाटी ने शांतिपूर्ण आंदोलन के अधिकार की रक्षा पर जोर दिया।

# नोएडा में निवेश के नाम पर 1.25 करोड़ की ठगी

**1 जनवरी से 11 नवंबर तक ट्रांजैक्शन किया, वॉट्सऐप ग्रुप पर युवती का मैसेज आया था**

**नोएडा।** नोएडा में निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 1.29 करोड़ रुपए ठग लिए।

पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की है। पुलिस उन खातों को फ्रीज करा रही है, जिसमें इतनी बड़ी रकम कई बार में ट्रांसफर की गई।

ग्रेटर नोएडा के रहने वाले ब्रज पाल सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि करीब एक साल पहले उनके वॉट्सऐप नंबर कथित दिव्या शर्मा नाम की एक युवती का मैसेज आया था। उसने अपने को महिला कारोबारी बताते हुए जिलन एक्सपोर्ट की मालकिन बताया।

कंपनी का पता दादर वेस्ट मुंबई बताया। वो अक्सर बातचीत करती थी। एक दिन उसने निवेश और एक्स्ट्रा इनकम के बारे में जानकारी दी। उसने गोल्डन ब्रिज इंवेस्टमेंट कंपनी में निवेश करने की बात की।

28 जनवरी 2025 को पहले बार कंपनी में 40 हजार रुपए का निवेश किया।

दो दिन में करीब 8 हजार का प्रोफिट हुआ और 48 हजार रुपए बैंक में ट्रांसफर कर दिए गए। विश्वास होने पर 1 फरवरी 2025 से 11 नवंबर 2025 तक अलग-अलग बैंक खातों में करीब 1 करोड़ 24 लाख 44 हजार रुपए फंड ट्रांसफर किया गया।

शिकायत में बताया गया कि अप्रैल 2025 तक जो पैसा निवेश किया गया था। वेबसाइट पर उसका मुनाफा करीब 2.24 करोड़ दिख रहा था। उसे निकालने के लिए एक्सिस मांगा।

### इनकम टैक्स के मांगे 67.48 लाख

ठगों ने 30 प्रतिशत इनकम टैक्स चार्ज मांगा जिसके लिए 67.48 लाख रुपए जमा करा दिए गए। इसके बाद दो से तीन बार और पैसे जमा कराए। लेकिन पैसा निकालने के लिए एक्सिस नहीं दिया गया। इस दौरान कथित दिव्या ने अपना फोन कर लिया। साथ ही सभी संपर्क तोड़ते हुए वॉट्सऐप ग्रुप से बाहर भी कर दिया गया। पीड़ित ने साइबर सेल से शिकायत की है।

# बीसीएएस आज दे सकता है डीजीसीए को सुरक्षा रिपोर्ट

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दिसंबर में उड़ान की तैयारी है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो की टीम ने सुरक्षा उपकरणों की जांच पूरी कर रिपोर्ट तैयार कर ली, जिसे आज बकास नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सौंप सकता है। ऐसा होता है तो 4 दिसंबर को डीजीसीए एयरोड्रम लाइसेंस दे सकता है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि बीसीएएस की समिति ने दो दिनों तक एयरपोर्ट पर सुरक्षा उपकरणों की जांच की थी, लेकिन कुछ खामी मिलने पर सोमवार को दोबारा से उपकरणों को परखा गया।

टीम ने स्क्रीनिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, प्रवेश-नियंत्रण पॉइंट और बाहरी सुरक्षा घेरा से लेकर आतंकी घटनाओं को रोकने वाले उपकरण जैसे एंटी हाई जैकिंग सिस्टम, बॉम्ब स्क्वायड, थ्रीडी रडार आदि को परखकर अपनी रिपोर्ट तैयार की है।

### लाइसेंस मिलने के एक सप्ताह में उद्घाटन

ये रिपोर्ट आज डीजीसीए को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, इसी रिपोर्ट के आधार पर डीजीसीए एयरोड्रम लाइसेंस जारी करेगा, इसके लिए चार दिसंबर की तिथि तय की गई है। माना जा रहा है कि एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के एक सप्ताह के अंदर एयरपोर्ट का शुभारंभ कर दिया जाएगा। हालांकि, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अभी तक एयरपोर्ट के शुभारंभ को लेकर कोई तिथि घोषित नहीं की गई है।

# नोएडा सेफ सिटी के तहत हाई रेजोल्यूशन कैमरे लगेंगे

## चौथी बार टेंडर से पहले जरूरी बदलाव किए जाएंगे, 212 करोड़ खर्च होंगे

**नोएडा।** नोएडा सेफ सिटी परियोजना में देरी होगी। इसकी वजह तीन बार टेंडर जारी होने के बाद भी कंपनी का चयन नहीं हुआ है। प्राधिकरण चौथी बार कॉल करने से पहले कुछ बदलाव कर सकता है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सेफ सिटी प्रोजेक्ट को देखा जाएगा। आरएफपी में बदलाव किया जा सकता है। इसके संकेत भी मिले हैं।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने कहा कि ये सुरक्षा से जुड़ा मामला है। उच्च गुणवत्ता के कैमरे, नई टेक्नॉलॉजी बेस्ड काम कराया जाएगा। उसकी कंपनी को लाएंगे जो सभी मानकों को पूरा करती हो।

इससे पहले तीन बार टेंडर जारी किए गए थे। लेकिन कंपनियों ने बिड प्रोसेस में रुचि नहीं दिखाई।



शहर में सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत 561 लोकेशन पर 2100 सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा।

यह कैमरे नाइट विजन व फेस डिटेक्शन कैमरे होंगे, जो इंट्रीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइएसटीएमएस) के कैमरों से बिल्कुल अलग होंगे। मानिटरिंग के लिए अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा, लेकिन सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट व उसमें बैठे लोग भी साफ तौर पर कैमरे की नजर से देखा जा सकेगा।

### 212 करोड़ का है प्रोजेक्ट

सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने में करीब 212 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

यह पैसा नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा। चुनी जाने वाली कंपनी का काम सीसीटीवी कैमरों को इंस्टॉल करना, आप्टिकल फाइबर लाइन डालना, पोल और उसकी मॉनिटरिंग का प्रशिक्षण देना होगा।

इसको 6 से 9 माह में पूरा किया जाएगा। सीईओ ने बताया कि ये बड़ा प्रोजेक्ट है। शहर वासियों की सुरक्षा के लिए ये योजना है। इसलिए उच्च गुणवत्ता और बेहतर टैक्नॉलाजी का यूज किया जाएगा।

जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा।

### पुलिस सूची के अनुसार लगेंगे कैमरे

सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग ने दी। उसमें बाजार, सरकारी निजी स्कूल, ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, माल्स के बाहर स्थान शामिल है। सेफ सिटी परियोजना के तहत गौतमबुद्ध नगर को दो हिस्सों में बांटा गया है।

पहला नोएडा और दूसरा ग्रेटर नोएडा। यानी सीसीटीवी कैमरों का पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर दोनों प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण) बनाएंगे। और इसका संचालन पुलिस विभाग की ओर से किया जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में मोबाइल स्नैचर गैंग का पर्दाफाश

**10 चोरी के फोन और 3 चाकू के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार**

**गौतम बुद्ध नगर।** सेंट्रल नोएडा पुलिस ने मोबाइल चोरी और छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी/छिनैती के 10 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करने में सफलता मिली। पुलिस टीम ने हबीबपुर बिजलीघर के पास से आबिद पुत्र नसरुद्दीन सैफी, राजन पुत्र वीरपाल और अभिषेक पुत्र संतोष पाल को गिरफ्तार किया।



पुलिस के अनुसार, यह गिरोह सुनसान जगहों पर लोगों को डरा-धमकाकर मोबाइल फोन छीन लेता था। गिरफ्तार आरोपियों में आबिद गौतमबुद्धनगर का निवासी है, जबकि राजन और अभिषेक उत्तर प्रदेश के हरदोई के रहने वाले हैं और वर्तमान में बिसरख क्षेत्र में रह रहे थे।

आरोपियों के पास से 03 अवैध चाकू भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि ये चाकू राहगीरों को डराने-धमकाने और विरोध करने पर हमला करने के इरादे से रखे जाते थे। गिरोह छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने और तेजी से भागने के लिए मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करता था।

थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

# ग्रेटर नोएडा में दो बाइक की भिड़ंत : एक युवक की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक वन कोतवाली क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पत्नी सुनीता ने बुधवार को अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में सुनीता ने बताया कि वह मूलरूप से संभल की रहने वाली है। सोमवार देर रात उनके पति कमल सिंह किसी काम से ग्रेटर नोएडा आए थे। वापस लौटते समय भाटी गोल चक्कर के पास एक अन्य बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कमल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। ईकोटेक वन कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।



# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा से तीन युवक लापता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के अस्तौली गांव से तीन युवक चार दिन से लापता हैं। सोमवार को परिजनों और ग्रामीणों ने खेरली नहर तिराहे पर पुलिस की कथित लापरवाही के खिलाफ हंगामा किया। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अस्तौली गांव निवासी मनीष अपने दो दोस्त भारत और बॉबी के साथ 29 नवंबर की सुबह घर से निकले थे। इसके बाद से तीनों का कोई पता नहीं चल पा रहा है। परिजनों का आरोप है कि तीन युवकों के एक साथ गायब होने की सूचना के बावजूद पुलिस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है। उनका कहना है कि लगातार गुहार लगाने के बाद भी पुलिस खोजबीन में तेजी नहीं ला रही है। इसी नाराजगी के चलते परिजन सोमवार को खेरली नहर तिराहे पर जमा हो गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। हालांकि, पुलिस ने स्थिति को बिगड़ने नहीं दिया और जाम लगाने की कोशिश को रोकते हुए भीड़ को समझाया। मनीष के पिता नारायण सिंह ने सोमवार को अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। साथ ही उन्होंने अपने बेटे की अनहोनी की भी आशंका शिकायत में व्यक्त की हैं।

## जेवर में एक्सीडेंट में व्यक्ति की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक ड्यूटी से घर लौट रहा था। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जेवर कोतवाली क्षेत्र के साबौता गांव निवासी बलराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई हेमराज ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में कार्यरत थे। सोमवार देर शाम वह अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में हेमराज गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल हेमराज को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सोमवार रात उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई बलराज ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बेटे की जमानत दिलाने आई मां भी गई जेल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह महिला अपने बेटे को जमानत दिलाने के लिए अदालत में फर्जी दस्तावेज पेश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी की पहचान बिशनपुरा, सेक्टर-58 निवासी समीना के रूप में की है। थाना प्रभारी सूरजपुर विनोद कुमार के अनुसार, आरोपी महिला का बेटा रहीस नोएडा के थाना सेक्टर-58 में वर्ष 2022 के एक मुकदमे में आरोपी है। समीना ने रहीस को जमानत दिलाने के लिए आधार कार्ड, भू-खतौनी और पुलिस की फर्जी मुहर जैसे दस्तावेज नकली तरीके से तैयार करवाए थे। ये दस्तावेज बुलंदशहर के कथित निवासी जगदीश और राजवीर के नाम से बनाए गए थे। दस्तावेजों पर स्थानीय लेखपाल और पुलिस अधिकारियों की नकली मुहरें भी लगाई गई थीं। समीना ने इन फर्जी दस्तावेजों को जमानत प्रक्रिया के दौरान न्यायालय में प्रस्तुत किया, लेकिन जांच में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद सूरजपुर थाने में महिला के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और जाली दस्तावेजों के इस्तेमाल के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

## ग्रेनो प्राधिकरण की जमीन कब्जाने वाले को जेल भेजा

**ग्रेटर नोएडा।** अदालत ने प्राधिकरण की 500 करोड़ की जमीन बिल्डर को बेचने के मामले में गिरफ्तार आरोपी लोकेंद्र भाटी को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेंट्रल नोएडा की अपराध शाखा ने सोमवार को आरोपी लोकेंद्र को गिरफ्तार किया था। बिसरख गांव में खसरा संख्या नंबर 773 में 75, 500 स्क्वायर मीटर जमीन आती है। प्राधिकरण ने 2008 में उक्त खसरे की कुल जमीन में से 51,000 स्क्वायर मीटर जमीन का अधिग्रहण किया था, बाकी 24,000 स्क्वायर मीटर जमीन बिना इस्तेमाल के छोड़ दी गई थी। इसके बाद मूल निवासियों ने जमीन अपने नाम पर रजिस्टर कर ली थी।ग्रेनो प्राधिकरण ने 2010 से 2023 तक नोटिफाइड 51,000 स्क्वायर मीटर जमीन अलॉट नहीं की। आरोप है कि लोकेंद्र ने इसी लापरवाही का लाभ उठाकर जमीन बिल्डर को बेच दी। लोकेंद्र की मां विद्यावती ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि उनके नाम पर जमीन पर कंस्ट्रक्शन का काम किया गया। कोर्ट के आदेश के बाद मामले की जांच हुई, जिसके बाद डीएम ने फरवरी 2024 में अमीन कमीशन बनाया।

## समय से मिली शिकायत पर ठगों को दबोचा

**नोएडा।** इस साल ठगी के दो मामलों में सही समय पर शिकायत मिलने पर पुलिस ने न केवल मामले का पर्दाफाश किया बल्कि आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी की रकम फ्रीज और होल्ड कराई। इनमें एक आरोपी की गिरफ्तारी विदेश से हुई जबकि दूसरे गिरोह के तार अंतरराष्ट्रीय स्तर तक फैले थे। एडिशनल डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि इसी साल ठगों ने नैनीताल बैंक के सर्वर को हैक कर लगभग 16 करोड़ रुपये फर्जी और संदिग्ध खातों में ट्रांसफर कर लिए। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने केस दर्ज किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी।एक अन्य टीम ट्रांजेक्शन संबंधी जानकारी खंगालने में जुट गई। सर्वर लॉग, नेटवर्क ट्रैफिक, आईपी ट्रेसिंग तथा अन्य डिजिटल फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर साइबर पुलिस द्वारा हैकिंग में शामिल छह आरोपियों की पहचान की गई। इनमें एक नाइजीरियन भी शामिल था। उसका संबंध विदेशी सिंडिकेट से था। आरोपियों ने बैंक सर्वर में बैकडोर एक्सेस बनाकर अनधिकृत ट्रांजेक्शन किए थे।

## पेयजल आपूर्ति न होने से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के सेक्टर गामा-दो में पानी का प्रेशर कम आने के कारण निवासी परेशान है। लोगों के घरों की पहली मंजिल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में उन्हें रोजमर्रा के कार्य करने में दिक्कत हो रही है। लोगो द्वारा प्राधिकरण से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। शहर में लगातार हो रही पानी की समस्या से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों का आरोप है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से पानी के बिल में वृद्धि तो की जा रही है, लेकिन पेयजल से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा।सेक्टर गामा-दो के निवासी प्रदीप ने बताया कि सेक्टर में पिछले कई दिनों से पानी का प्रेशर नहीं आ रहा है। प्रेशर कम होने के कारण घर की टंकी खाली पड़ी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से लगातार शिकायत की जा रही है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। वहीं, निवासी आत्माराम ने बताया कि पूरे दिन पेयजल आपूर्ति बाधित रही। देर रात से पानी का पानी का प्रेशर कम आ रहा है, यह रोज की समस्या बन गई है। सोसाइटी में लोगों के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हुए।

## लोगों ने दूसरे दिन 17 लाख का बिजली बिल चुकाया

**नोएडा।** एक दिसंबर से शुरू हुई विद्युत निगम की एकमुश्त समाधान योजना के तहत दूसरे दिन 102 लोगों ने पंजीकरण कराया और कुल 17 लाख से अधिक रुपये जमा कर बकाया बिल चुकाया। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत पहली बार मूलधन में भी छूट दी जा रही है। बकायेदार कुल तीन महीनों तक चलने वाली इस योजना के तहत अपना पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठा सकते हैं। पहले दिन 147 उपभोक्ताओं ने इसका लाभ उठाया। इनसे कुल 23.4 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया। इसी तरह दूसरे दिन 102 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया।इनसे 17.50 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इनके 50 प्रतिशत बकाये को माफ कर दिया गया। दरअसल यह योजना अप्रैल से पहले लंबे समय से भुगतान न करने वाले और कभी भी भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के लिए है। अधिकारियों के मुताबिक, योजना का पहला चरण एक दिसंबर से शुरू हो चुका है, जो 31 दिसंबर तक चलेगा।

# मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त निगरानी समिति के साथ जिला कारागार का किया निरीक्षण

## बच्चों की व्यवस्था सुधारने के निर्देश



**पीलीभीत।** सुरक्षित बचपन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को परखने के लिए, जिला प्रशासन की संयुक्त निगरानी समिति ने जिला कारागार पीलीभीत का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण दल का नेतृत्व मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने किया।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने जेल में बंद महिला बंदियों की स्थिति, उनकी सुविधाओं, उपलब्ध संसाधनों और बच्चों की देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं का बिंदुवार आकलन किया। इस दौरान एक महिला बंदी अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे के साथ जेल में मौजूद मिली। बच्चे की स्थिति देखने के बाद सीडीओ ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि शिशु के स्वास्थ्य, पोषण व नियमित देखभाल की व्यवस्था और भी मजबूत की जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि महिला बंदियों की शिक्षा तथा उनके साथ रहने वाले 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु एक महिला शिक्षिका को जेल से संबद्ध किया जाए।

इसके साथ ही, बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण को मजबूत करने के लिए जेल परिसर के निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र में ऐसे बच्चों का अनिवार्य पंजीकरण करने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बाल रोग विशेषज्ञ और बाल कल्याण समिति के सदस्य मौजूद रहे। समिति ने निरीक्षण के दौरान कई बिंदुओं की समीक्षा की और सुधार के सुझाव भी दर्ज किए।

## पूरनपुर मंडी में धान खरीद को लेकर विवाद, किसान और केंद्र प्रभारी आमने-सामने

**पूरनपुर।** मंडी समिति स्थित क्रय केंद्र पीएसएस 3-4 पर मंगलवार सुबह धान खरीद को लेकर किसान और केंद्र प्रभारी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट तक की नौबत आ गई। घटनाक्रम के बाद कुछ समय के लिए खरीद कार्य प्रभावित हो गया, जिससे कई किसान परेशान रहे। केंद्र प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि एक किसान दो दिन पहले धान लेकर आया था और निर्धारित प्रक्रिया पूरी किए बिना तौल लगवाने का दबाव बना रहा था। प्रभारी के अनुसार, जब उन्होंने नियमों के तहत खरीद प्रक्रिया पूरी करने की बात कही, तो किसान ने कहासुनी के दौरान उनके साथ मारपीट की। दूसरी ओर परशुरामपुर निवासी किसान गुरबाज सिंह ने केंद्र प्रभारी के आरोपों को गलत बताया। किसान के मुताबिक वह करीब 18 दिन पहले अपना धान लेकर केंद्र पर आया था, लेकिन प्रभारी लगातार बहाने बनाते रहे और खरीद से बचते रहे। मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे जब उसने फिर से खरीद के बारे में पूछा तो विवाद की स्थिति बन गई। किसान का कहना है कि किसी भी तरह की मारपीट नहीं हुई, केवल बहस हुई थी। इस विवाद का असर मंडी समिति परिसर के अन्य क्रय केंद्रों पर भी देखने को मिला। कई किसानों ने बताया कि धान खरीद में लगातार हो रही देरी और विवादों के चलते उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। एम.ओ. प्रदीप कुमार ने बताया कि किसान और केंद्र प्रभारी के बीच कहासुनी और मारपीट की घटना हुई है। प्रशासन दोनों पक्षों के बीच बात करा रहा है और मामले को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने की कोशिश की जा रही है।

# शार्ट न्यूज

## गांव में बाघ देखने से फैली दहशत, वन विभाग की टीम ने खेतों में किया तलाश



**बीसलपुर।** गांव सितारगंज नवदिया में रात्रि में ग्रामीण ने बाघ को दिखा उसके होश उड़ गए गांव में जाकर चर्चा किए जाने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई सुबह किसान खेतों पर भी नहीं गए मामले की सूचना ग्राम प्रधान ने वन विभाग को दी सूचना मिलते ही टीम गांव पहुंच गई टीम ने खेतों में तलाश किया लेकिन कहीं भी बाघ के पग चिन्ह भी नहीं मिले गांव सितारगंज नवदिया में ग्रामीण ने रात्रि लगभग 9:30 बजे गन्ना के खेत के किनारे बाघ को देखा तो उसके होश उड़ गए उसने इस मामले की जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी यह सूचना सुनकर किसान अपने खेतों पर काम करने नहीं गए ग्राम प्रधान इस्वरानरजा ने मामले की सूचना रेंजर रोहित जोशी को दी सूचना मिलते ही रेंजर वन कर्मियों के साथ गांव पहुंच गए और खेतों में बाघ को तलाशा लेकिन खेतों में उसके पग चिन्ह भी नहीं मिले तब जाकर ग्रामीणों ने कुछ हद तक राहत की सांस ली।

## मैरिज लॉन तोड़ने पर पुलिस से भिड़ीं महिलाएं

**बरेली।** बरेली में 2 सपा नेताओं के मैरिज हॉलों को तोड़ा गया। पहले की दिन की कार्रवाई को रोक दिया गया। कल फिर बुलडोजर कार्रवाई चलेगी। आज मौके पर 5 थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही। दोनों मैरिज हॉल में 6 परिवारों के करीब 50 लोग रहते हैं। दोपहर में जैसे ही बुलडोजर और पुलिस फोर्स पहुंची, महिलाएं मैरिज हॉलों के गेट पर आ गईं। पुलिस से उनकी तीखी झड़प हो गई। महिलाएं मैरिज हॉल तोड़ने का विरोध कर रही थीं। सपा नेता मोहम्मद राशिद का गुड मैरिज हॉल करीब 700 वर्ग गज में बना है। इसमें नीचे एक बड़ा हॉल और 4 कमरे बने हैं। इसमें ऊपर राशिद और उनका परिवार रहता है। राशिद तौकीर रजा के करीबी बताए जाते हैं। राशिद का अक्सर तौकीर रजा के साथ उठना-बैठना रहता था। इस हॉल की अनुमानित कीमत करीब 8 करोड़ रुपए है। दूसरा मैरिज हॉल सपा नेता सरफराज वली का ऐवान-ए-फरहत है। यह करीब 1 हजार वर्गगज में बना है। मैरिज हॉल करीब 10 करोड़ रुपए की संपत्ति है। इसमें नीचे एक बड़ा सभागार बना है, जबकि ऊपर की मंजिल पर 5 बड़े कमरे बने हैं। सरफराज पर आरोप है कि बरेली हिंसा के दौरान उसने लोगों को धरने में पहुंचने के लिए कहा था।

## दुष्कर्म पीड़िता ने की आत्महत्या की कोशिश

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र में एक दुष्कर्म पीड़िता ने आत्महत्या का प्रयास किया है। युवती की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना 10 अक्टूबर को हुई थी। पीड़िता जब घर लौट रही थी। तभी गांव के युवक ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोपी युवती को एक बंद कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की घटना से आहत युवती ने उसी दिन फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में पहले रूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से उसे जिला अस्पताल और बाद में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी का लंबे समय से इलाज चल रहा है। लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी आसिफ कई महीनों से युवती के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कर रहा था। परिजनों का दावा है कि उन्होंने पुलिस से शिकायत भी की थी। लेकिन समय पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण ही युवती मानसिक रूप से परेशान होकर यह कदम उठाने पर मजबूर हुई।

## एटा में नाबालिगों ने दो किशोरों को पीटा

एटा। एटा के एमपी नगर में दो नाबालिग किशोरों के साथ आधा दर्जन से अधिक नाबालिगों ने मारपीट की। अपनी जान बचाने के लिए दोनों किशोर एक घर में घुस गए। पुलिस ने इस मामले में एक किशोर को हिरासत में लिया है। पूछताछ शुरू कर दी है। यह घटना कोतवाली नगर क्षेत्र के एम पी नगर में हुई। जानकारी के अनुसार, आधा दर्जन से अधिक नाबालिगों के एक समूह ने दो नाबालिगों को घेरकर पीटा। मारपीट से बचने के लिए पीड़ित किशोर पास की एक गली में स्थित एक घर में घुस गए। एम पी नगर मोहल्ले के निवासी प्रत्यक्षदर्शी रविंद्र कुमार ने बताया, दो लड़कों को पंद्रह से बीस लड़के पीट रहे थे। तभी दोनों किशोर हमारे घर में घुस आए और हम लोगों ने उन्हें बचाया। पीटने वाले एक किशोर को पकड़ लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि वे इन लड़कों को नहीं जानते और ये लड़के आए दिन ऐसी वारदातों को अंजाम देते हैं। कोतवाली नगर के थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। उन्होंने जानकारी दी कि एक किशोर को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। लिखित शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 16 एकड़ जमीन विवाद पर खूनी संघर्ष

**पीलीभीत।** पीलीभीत के थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम सकरिया में मंगलवार को 16 एकड़ जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान हवाई फायरिंग भी हुई। सूचना मिलने पर गजरौला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से चार लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने फायरिंग करने वाले छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। विवाद की जड़ लगभग 16 एकड़ जमीन है। मनमोहन सिंह चब्बा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2021 में जब वह बीमारी के कारण महाराष्ट्र में इलाज करा रहे थे, तब उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठाकर त्रिलोचन सिंह, रणजीत कौर और कुलवंत कौर ने उनकी माता स्वर्गीय नरेंद्र कौर से धोखाधड़ी कर जमीन का रजिस्टर्ड बैनामा करा लिया था। आरोप है कि इस बैनामे का कोई भुगतान नहीं किया गया था। वर्तमान में यह जमीन मनमोहन सिंह के ही कब्जे में है। मंगलवार को त्रिलोचन सिंह के पुत्र गुरचेतन अपने रिश्तेदार सतेंद्र कुमार के साथ उक्त जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे। इसकी सूचना मिलते ही मनमोहन सिंह पक्ष के लोग भी मौके पर जमा हो गए। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। इसके बाद दोनों तरफ से हवाई फायरिंग शुरू हो गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

## दलित व्यापारियों पर गोकशी आरोप में हमला

मेरठ। मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव शोभापुर में 28 नवंबर की रात को चमड़ा उद्योग से जुड़े दलित समुदाय के लोगों पर हिंदू संगठनों के सदस्यों ने हमला कर दिया। उन पर गोकशी का आरोप लगाते हुए मारपीट की गई और टेनरी में तोड़फोड़ की गई। पीड़ितों ने पुलिस की मौजूदगी में भी पिटाई का आरोप लगाया है। दलित समाज के लोगों ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर आरोप लगाया कि कुछ हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने टेनरी में घुसकर न केवल तोड़फोड़ की, बल्कि कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। उन्होंने कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दी और महिलाओं से भी अभद्रता की। पीड़ितों के अनुसार, वे तभी से कंकरखेड़ा थाना पुलिस से आरोपियों के खिलाफ शिकायत कर रहे हैं, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस बिना कार्रवाई किए लौट गई। लिखित शिकायत के बावजूद न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही किसी आरोपी को पूछताछ के लिए बुलाया गया। दलित समाज के लोगों ने बताया कि वे लंबे समय से %एवीपी चीनू लेदर% नाम की टेनरी में सफाई और रंगाई का काम करते हैं। यह टेनरी सन् 1956 में सरकार द्वारा ग्रामवासियों के लिए स्वीकृत की गई थी, जहाँ विभिन्न स्थानों से कच्चा चमड़ा प्रसंस्करण के लिए लाया जाता है।

## आईकार्ड से गला कसा, 8वीं के छात्र की मौत

**मेरठ।** मेरठ में 8वीं का छात्र सोमवार शाम घर के बाथरूम में बेसुध मिला। उसके गले में स्कूल का आईकार्ड पड़ा था। जिसके रिबन से बना फंदा टोंटी में लगा था। आनन-फानन परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कंकरखेड़ा के सी-ब्लॉक सैनिक विहार में दीपक बालियान का परिवार रहता है। दीपक बालियान मूलरूप से मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं। दीपक बीएसएफ में हैं। इस समय मेघायल में उनकी तैनाती है। घरवालों ने बताया- सोमवार शाम 6 बजे दीपक का 13 साल का बेटा लक्ष्य ट्यूशन से घर आया। इसके बाद बाथरूम में चला गया। जब काफी देर तक वह बाथरूम से नहीं निकला, तो मां गुड़िया बाथरूम में गईं। वहां लक्ष्य बेसुध हालत में पड़ा था। घरवालों को आशंका है कि लक्ष्य बाथरूम में हाथ-पैर धुलने लगा होगा। इसी बीच पैर फिसला और आईकार्ड की डोरी बाथरूम की टोंटी में फंस गई। गले में फंदा लगने से उसकी मौत हो गई। कंकरखेड़ा थाना इंचार्ज विनय कुमार सिंह ने बताया- पुलिस को बच्चे की मौत की सूचना सरधना रोड स्थित लक्ष्य हेल्थ केयर सेंटर से थाने आने वाले मेमो से मिली।

## लखनऊ में जज की पत्नी बताकर मांगा प्रोटोकॉल

**लखनऊ।** लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज के लिए आई रंजना राय नाम की महिला ने खुद को हाईकोर्ट के सीनियर जज की पत्नी बताते हुए प्रोटोकॉल की मांग की। जांच करने पर पता चला कि रंजना राय ने झूठ बोला था। इस मामले में अब रंजना राय के खिलाफ विभूति खंड थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है।

# सांप के काटने से किसान की मौत, परिवार में कोहराम

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब खेत में सिंचाई कर रहे एक किसान को सांप ने काट लिया। अस्पताल ले जाते समय किसान की मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### सिंचाई के दौरान हुआ हादसा

गुलड़िया भूपसिंह गांव निवासी राम बहादुर (52 वर्ष) रोज की तरह अपने खेत में पानी लगा रहे थे। सिंचाई करते समय अचानक उन्हें सांप ने काट लिया। भयभीत किसान किसी तरह घर पहुंचे, जहां उनकी हालत बिगड़ती चली गई। परिवार वालों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया।

परिजन आनन-फानन में राम बहादुर को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण भी अस्पताल पहुंच गए और परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

मृतक राम बहादुर अपने पीछे तीन बच्चों—दो बेटियां और एक बेटा—को छोड़ गए हैं। परिवार के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। गांव में गमगीन माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

गांव के लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को सहायता राशि दिलाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सांप के काटने जैसी घटनाओं में प्रशासन को तुरंत कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को राहत देनी चाहिए।

# दीवार फांद कर बरामदे में सो रही महिला से किया दुष्कर्म, पति के जागने पर बाइक छोड़कर भागे

**बीसलपुर।** दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के घर में आरोपी दीवार फांद कर घुस गये और बरामदे में सो रही महिला के साथ मुंह दबाकर दुष्कर्म किया चीख-पुकार सुनकर परिजन जाग गयेऔर उन्होंने दोनों को पहचान लिया तभी आरोपी घर के बाहर खड़ी अपनी बाइक छोड़कर भाग गए महिला ने पति के साथ कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह 26-27 नवंबर की रात में अपने घर के बरामदे मे सो रही थी उसी समय दीवार फांद कर घर में घुसकर आरोपी ने उसके साथ मुंह दबाकर दुष्कर्म किया चीख-पुकार सुनकर परिजन जाग गये और उन्होंने मौके पर दोनों आरोपियों को पहचान लिया तभी दोनों आरोपी घर के बाहर खड़ी अपनी बाइक संख्या यूपी 26एक्यू 2347 छोड़कर फरार हो गए पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर श्रवण सिंह पुत्र सीता सिंह निवासी शीतलपुर थाना बिलसंडा, गुरुसेवक सिंह पुत्र जसपाल निवासी निवासी चतुरभोज, शाहगंज थाना माधौटांडा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## पति ने पत्नी को पीट-पीट कर मार डाला

**आगरा।** आगरा के थाना सदर क्षेत्र अंतर्गत कैंट स्टेशन के पास पति ने अपने 5 साल के बेटे के सामने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बेटा मां को बचाने को रोता रहा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को हिरासत में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एसीपी सदर इमरान अहमद ने बताया कि कैंट स्टेशन के पास फुटपाथ पर ही गुड्डू अपनी पत्नी ललिता और 5 साल के बेटे आकाश के साथ रहता था। सोमवार रात गुड्डू अपनी पत्नी ललिता के साथ मारपीट कर रहा था।

# लखनऊ में बेकाबू कार ने कई वाहनों को टक्कर मारी : 2 की मौत, 2 घायल

**लखनऊ।** लखनऊ में भीषण सड़क हादसा हो गया। बेकाबू क्रेटा कार बाइक को टक्कर मारते हुए डिजायर कार से भिड़ गई। तेज टक्कर लगने से डिजायर कार बस से टकराई। उसके बाद बस केयूवी कार से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। क्रेटा सवार 2 युवक घायल हो गए। हादसा सोमवार रात 12 बजे आईआईएम रोड पर आरसे लॉन के सामने हुआ। तेज रफ्तार क्रेटा इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की ओर से आ रही थी। वह आगे चल रही बाइक को टक्कर मारते हुए डिजायर कार से भिड़ गई। इसके बाद अन्य वाहन आपस में भिड़ते चले गए। वाहनों के परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान 37 वर्षीय राजकुमार और 40 वर्षीय मिथलेश के रूप में हुई। दोनों कुर्सी रोड के रहने वाले थे। कैटरिंग का काम करते थे और घटना के वक्त अपने काम से लौट रहे थे। क्रेटा सवार युवकों की पहचान राज कमल उर्फ राज मिश्रा और अभय मिश्रा के रूप में हुई।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मनाया एड्स दिवस एवं जागरूकता रैली

**ललितपुर ।** प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार शुक्ला के निर्देशन में दिनांक 1 दिसंबर 2025 को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर द्वारा एड्स दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इस बीमारी से प्रभावित लोगों के समर्थन हेतु मनाया जाता है। इस अवसर पर सर्वप्रथम एमबीबीएस के छात्राओं द्वारा एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसका आगाज चिकित्सा महाविद्यालय के उप प्रधानाचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संकाय सदस्य सीनियर फिजिशियन नए सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर किया ! अवसर पर एमबीबीएस बैच 2024-25 एवं बैच 2025-26 के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रस्तुति तथा जागरूकता रैली सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं आम जनमानस को जागरूक किया गया। एड्स दिवस पर प्रधानाचार्य डॉ. मयंक शुक्ला ने लोगों से अपील की कि वे एचआईवी/एड्स के विषय में जागरूक रहें और इस बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक कदम अवश्य उठाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाने से इस बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। एड्स की रोक थाम हेतु असुरक्षित यौन संबंध से बचें, सूई लगाने वाले सिरिंज का प्रयोग सिर्फ एक व्यक्ति के लिए किया जाए तथा रक्त आधान (ब्लड ट्रान्सफ्यूजन) के समय रक्त देने वाले तथा रक्त ग्राही मरीज की एड्स की जांच आवश्यक रूप से करना चाहिए। एड्स जैसी बीमारी के लिए जानकारी ही बचाव है।

# आई. जी. ने किया पुलिस लाइन व पुलिस ऑफिस का वार्षिक निरीक्षण

## फायर सेफ्टी, यातायात नियन्त्रण, मॉब कन्ट्रोल सहित सभी मॉक ड्रिल्स का कराया अभ्यास

**ललितपुर ।** झांसी पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी आकाश कुलहरि द्वारा जनपद ललितपुर के वार्षिक निरीक्षण के क्रम में पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण, पुलिस लाइन्स का भ्रमण एवं विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण, पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का निरीक्षण, थाना कोतवाली व तालबेहट का निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण पुलिस लाइन्स ललितपुर परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। इसके उपरान्त परेड में उपस्थित पुलिस कर्मियों, यू0पी0-112, फायर सर्विस, डॉग स्कवायॅड की टीम, रिक्रूट आरक्षियों से किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थितियों से निपटने हेतु



दंगा नियन्त्रण उपकरणों के साथ बलवा मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया व उपकरणों की दक्षता व रखरखाव के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। आई0 जी0 द्वारा पुलिस लाइन के क्वाटर गार्द को चेक कर गार्द होशियार करने की कवायद करवाई गयी साथ ही क्वार्टर गार्द में आपातकालीन नम्बरों की सूची में सभी आपातकालीन नम्बरों, स्थानीय थाना प्रभारियों, फायर सर्विस विभाग आदि सभी के नम्बरों को सूची में अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस लाइन्स के भ्रमण के दौरान जनपदीय कण्ट्रोल रूम, रेडियो शाखा, यू0पी0-112 का निरीक्षण कर आपस में समन्वय स्थापित करने तथा किसी भी घटना/दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर आकस्मिक स्थिति में कम से कम समय में अधिक से अधिक रिस्पांस देने के साथ ही सम्बन्धित थाना प्रभारी को भी अवगत कराने के निर्देश दिये गये है। परिवहन शाखा के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध वाहनों का रखरखाव, दक्षता आदि को चेक किया गया, वाहनों की तकनीकी कमियों को यथाशीघ्र दूर करने एवं सभी वाहनों को अपडेट रखने तथा QRT टीम में उच्च कोटि के वाहनों को प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। आपात स्थितियों से निपटने व डैमेज कन्ट्रोल हेतु यू0पी0-112, QRT, A.S. चेक, फील्ड यूनिट व फायर सर्विस की टीमों के साथ फिंगर प्रिन्ट व साक्ष्य संकलन की कार्यवाही का अभ्यास कराया गया।

# पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत छात्राओं/महिलाओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स,1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई।



किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें ।

अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें ।

महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## कंटेनर ने बाइक सवारों को कुचला, 3 की मौत

**बिजनौर।** बिजनौर में सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। कंटेनर ने पहले बाइक में टक्कर मारी, फिर 30 मीटर तक घसीटते हुए पिकअप में जा भिड़ा। इसके बाद रेलिंग तोड़ते हुए हाईवे पर दूसरी साइड चला गया। हादसा दोने के बाद कंटेनर ड्राइवर मौके से भाग गया। हादसे में पिकअप ड्राइवर के अलावा बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हुई। हाईवे पर तीनों लाशें 30 मीटर तक बिखरी पड़ी थीं। सूचना मिलते ही धामपुर के एसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शी सचिन कुमार ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे हादसा हुआ। कंटेनर धामपुर से कासिमपुर की तरफ जा रहा था। उसकी स्पीड बहुत ज्यादा थी। कंटेनर ने पहले बाइक में टक्कर मारी, फिर उसे घसीटते हुए पीछे आ रहे पिकअप में टक्कर मार दी। पिकअप लकड़ी लादकर कासिमपुर जा रहा था। बाइक सवार दोनों युवक रंजीत और लाला लखीमपुर खीरी के गांव बिछवी के रहने वाले थे।

# एक वांछित आरोपी को दबोचा



**ललितपुर।** नाराहट पुलिस ने चोरी के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 136/24 धारा 379/413 भादवि मे वांछित अभियुक्त मोनू उर्फ अलाउद्दीन पुत्र मुस्ताक उम्र करीब 28 वर्ष नि0 सैफपुर करमचन्दपुर थाना हस्तिनापुर जनपद मेरठ को नियमानुसार गिरफ्तार कर, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।वादी मुकदमा द्वारा थाना नाराहट पर प्रार्थना-पत्र देकर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कस्वा नाराहट में लगे INDUS कम्पनी के मोबाइल टावर में लगे उपकरण चोरी कर लेने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। प्राप्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना नाराहट पर मु0अ0सं0 136/24 धारा 379/413 भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया था । घटना की गम्भीरता को देखते हुए घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था । धरातलीय सूचना व सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त फुटेज, सर्विलांस(मैनुअली/तकनीकी) से प्राप्त तकनीकी डेटा आदि का अवलोकन व तकनीकी/तार्किक विश्लेषण कर अथक प्रयास करके अभियुक्त मोनू उर्फ अलाउद्दीन उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है तथा पूर्व में 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है ।गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष पारुल चंदेल थाना मय टीम आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बलूचिस्तान में हो रहे अत्याचार पर ब्रिटिश सांसद ने जताई चिंता

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश संसद में लेबर पार्टी के सांसद जॉन मैकडॉनेल ने बलूचिस्तान में मानवाधिकार स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पाकिस्तानी बलों के जरिये सरकार समर्थित अपहरणों और ड्रोन हमलों पर ध्यान आकर्षित किया। मैकडॉनेल ने हाउस ऑफ कॉमन्स में तीन लिखित संसदीय प्रश्न और एक अर्ली डे मोशन दायर किया है।

### फ्रांस : घर में लगी आग में दंपती समेत पांच लोगों की मौत

**पेरिस, एजेंसी।** पूर्वी फ्रांस के एक कस्बे में आग लगने से एक घर में मौजूद पांच लोगों की मौत हो गई। म्यूर्थ-ए-मोसेले विभाग ने रविवार को बताया कि न्यूवेस-मैसंस शहर में लगी आग पर काबू पाने के लिए रातभर 70 दमकलकर्मी व लगभग 40 वाहनों को तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि धुएं के कारण सांस लेने में परेशानी महसूस करने वाले छठे व्यक्ति का इलाज किया जा रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। पीड़ितों में दंपती और 17 से 20 वर्ष की आयु के तीन युवा शामिल थे।

### चीन में रिकॉर्ड 37 लाख लोगों ने दी सिविल सेवा की परीक्षा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में रविवार को 37 लाख से अधिक लोगों ने राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा दी। चीन में सिविल सेवा के लिए उम्र सीमा को 35 साल से अधिक बढ़ाने के बाद यह पहली राष्ट्रीय परीक्षा थी। यह रिकॉर्ड संख्या देश में बढ़ती बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों की मांग को दर्शाती है। राज्य संचालित समाचार एजेंसी ने बताया कि इस परीक्षा में औसतन प्रति सीट 98 आवेदक प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इन रिक्तियों में से लगभग 70 प्रतिशत कॉलेज के नए स्नातकों के लिए आरक्षित हैं।

### सीरिया में लोकतंत्र अभी दूर, पर सुधार अच्छा : एमनेस्टी इंटरनेशनल

**दमिश्क, एजेंसी।** गैर सरकारी वैश्विक मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल की महासचिव एग्नेस कैलामार्ड ने शनिवार को कहा कि सीरिया में नई सरकार ने सुधारों और संक्रमणकालीन न्याय के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है, लेकिन लोकतंत्र की कमी अभी भी है। बशर असद की सरकार गिरने के एक साल बाद कैलामार्ड का कहना है कि कानूनी सुधार योजनाओं और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों का स्वागत होना सकारात्मक संकेत है।

### ताइवान : चीनी सेना के 25 विमानों ने क्रॉस की मध्य रेखा

**ताइपे , एजेंसी।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने रविवार को बताया कि उनके क्षेत्र के आसपास चीन के पीएलए के 27 विमानों, 11 नौसैनिक जहाजों और तीन सरकारी जहाजों को देखा गया। एमएनडी के अनुसार, 27 विमानों में से 25 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण-पूर्वी एडीआईजेड में प्रवेश किया। इन विमानों में शेनयांग जे-16 और भारी बॉम्बर शियान एच-6 शामिल थे। एमएनडी ने कहा कि वे स्थिति पर नजर रख रहे हैं और जवाब दे रहे हैं। ताइवान ने कहा कि चीन जापान के साथ तनाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

### पाकिस्तानी अर्धसैनिक बलों के बेस में घुस गए हमलावर, खुद को बम से उड़ाया ; तीन मारे गए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में 24 घंटे के अंदर ही कम से कम सात धणाके हुए। वहीं बलूचिस्तान के नोकुंडी में फ्रंटियर कॉर्प्स के हेडक्वार्टर के गेट पर फिदायीन हमला किया गया। हमलावर ने खुद को बम से उड़ा लिया। इसके बाद दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। प्रशासन का कहना है कि यह हमला तहरीक-ए-तालिबान ने किया है। पाकिस्तान के अर्द्धसैनिक बलों के हेडक्वार्टर पर हमले के बाद चलाए गए ऑपरेशन में तीन हमलावरों को मार गिराने का दावा किया गया है। बलूचिस्तान साउथ के फ्रंटियर कॉर्प्स के मुताबिक हेडक्वार्टर के गेट पर ही जबरदस्त आवाज हुई। इसके बाद तुरंत सुरक्षाबलों ने अभइयान शुरू कर दिया। बताया गया कि कम से कम 6 हमलावर हेडक्वार्टर में दाखिल हुए थे। एफी के प्रवक्ता ने बताया कि जब तक सभी आतंकियों को मारा नहीं जाता, ऑपरेशन खत्म नहीं होगा। स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षाबल हर कमरे की ठीक से जांच कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले पेशावर में फ्रंटियर कॉर्प्स के परिसर में फिदायीन हमला हुआ था जिसमें तीन की जान चली गई थी। वहीं क्वेटा में पैरामिलिट्री बेस में कार में हुए धमाके से भी इलाका दहल गया था। पाकिस्तान में बीते कुछ महीनों से इस तरह के हमले तेजी से बढ़े हैं। साभर में ही बलूचिस्तान में सैकड़ों पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। कई बार बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने भी हमलों की जिम्मेदारी ली है।

# भारतीयों ने ही अमेरिका को सुपरपावर बनाया: एलन मस्क



**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने रविवार को कई दिनों की अटकलों के बाद आखिरकार जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामथ के पॉडकास्ट पिपुल बाय डब्ल्यूटीएफ में साफ कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका को कुशल भारतीय प्रतिभाओं के आने से भारी लाभ हुआ है। दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क ने आखिरकार वो बात बोल ही दी, जिसे सुनकर अमेरिका के अंदरूनी इमिग्रेशन-विरोधी गुटों के होश उड़ गए। जीरोधा के निखिल कामथ के पॉडकास्ट में मस्क ने साफ-साफ कहा कि अमेरिका को पिछले दशकों में जितना फायदा हुआ है, उसका बड़ा हिस्सा भारतीय टैलेंट की वजह से हुआ है। सत्या नडेला, सुंदर पिचाई जैसे लोग इसका जीता-जागता सबूत हैं। और तो और, जब एच1-बी वीजा को लेकर ट्रंप कैंप में घमासान मचा हुआ है, तब मस्क ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि इस प्रोग्राम का दुरुपयोग हुआ है, इसे ठीक करो, लेकिन बंद करोगे तो अमेरिका खुद अपनी सबसे बड़ी ताकत को मार डालेगा। यह बयान ऐसे वक्त आया है जब हजारों भारतीयों का सदियों पुराना अमेरिकी सपना ( ऊंची पढ़ाई, मोटी सैलरी वाली नौकरियां, बेहतर लाइफस्टाइल और तरक्की का वादा) सख्त होते वीजा नियमों और अचानक नीतिगत बदलावों की वजह से तेजी से फीका पड़ता दिख रहा है। मस्क ने कहा कि मेरा मानना है कि अमेरिका को यहां आए टैलेंटेड भारतीयों से बहुत फायदा हुआ है। इस दौरान निखिल कामथ ने माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई जैसे सफल भारतीयों का उदाहरण दिया, जो दशकों से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रहे हैं। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप के एच1-बी प्रोग्राम का समर्थन करने के कुछ ही दिन बाद रिपब्लिकन सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन ने इसे धीरे-धीरे खत्म करने का बिल पेश कर दिया और दावा किया कि यह अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां छीन रहा है। ऐसे कदम भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए बड़ा खतरा हैं, क्योंकि एच1-बी उनके लिए ग्रीन कार्ड और फिर अमेरिकी नागरिकता का सबसे आम रास्ता रहा है। ट्रंप 2.0 सरकार में सरकारी दक्षता विभाग के हेड रहे मस्क ने कहा कि बाइडेन प्रशासन में बॉर्डर कंट्रोल नाम की कोई चीज नहीं थी। बिना बॉर्डर कंट्रोल के आप देश नहीं कहला सकते। बाइडेन के समय बड़े पैमाने पर अवैध इमिग्रेशन हुआ, जिससे नेगेटिव सिलेक्शन इफेक्ट पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि अगर अवैध तरीके से अमेरिका आकर ढेर सारे सरकारी लाभ मिल रहे हैं, तो आप गलत तरह के लोगों को आकर्षित करते हैं। यह एक गलत इंसेंटिव स्ट्रक्चर है। बॉर्डर कंट्रोल न होना बिल्कुल बेतुका था। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल से पहले की इमिग्रेशन पॉलिसी पर बोलते हुए मस्क ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि आम अमेरिकी नागरिकों का यह डर बहुत वास्तविक है कि विदेशी टैलेंट उनकी नौकरियां छीन रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा अपना अनुभव यही है कि टॉप टैलेंट हमेशा कम पड़ता है। मुश्किल काम करवाने के लिए आपको असाधारण लोग चाहिए। कुछ कंपनियां इसे सिर्फ कॉस्ट का खेल बना देती हैं। अगर अमेरिकी नागरिक से आधे या उससे भी कम पैसों में कोई काम कर दे तो वे उसे हायर कर लेती हैं। स्पेसएक्स, टेस्ला और एक्स जैसे अपने खुद के टॉप अमेरिकी कंपनियों का उदाहरण देते हुए मस्क ने कहा कि उनकी कंपनियां हमेशा बेस्ट टैलेंट ढूंढती हैं और उन्हें एवरेज से कहीं ज्यादा सैलरी देती हैं। इसलिए एच1-बी के दुरुपयोग को रोकना जरूरी है, लेकिन प्रोग्राम को पूरी तरह बंद करना सही नहीं। उन्होंने अंत में कहा कि हां, एच1-बी प्रोग्राम का कुछ कंपनियों ने दुरुपयोग किया है। खासकर कुछ आउटसोर्सिंग कंपनियों ने सिस्टम के साथ खेला है, उसे रोकना होगा। लेकिन मैं बिल्कुल इस बात से सहमत नहीं कि एच1-बी प्रोग्राम ही बंद कर देना चाहिए।

**मस्क ने बताया- उनकी पत्नी को गोद लिया गया था :** पॉडकास्ट के दौरान एलन मस्क ने कहा कि 'मुझे नहीं पता कि आप इस बारे में जानते हैं या नहीं, लेकिन मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय हैं। मेरे और उसके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है, जो चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है।' मस्क ने बताया कि उनकी पार्टनर शिवॉन जिलिस कनाडा में पली-बढ़ी हैं और जब वे एक छोटी बच्ची थीं, तब उन्हें गोद लिया गया था। शिवॉन जिलिस ने साल 2017 में मस्क की कंपनी न्यूरालिंक जॉइन की थी और वे फिलहाल कंपनी में डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस एंड स्पेशल प्रोजेक्ट्स के तौर पर काम कर रही हैं। शिवॉन ने येल यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र और दर्शनशास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल की है।

## नेतन्याहू ने राष्ट्रपति से मांगा क्षमादान, अपने खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे के बीच किया अनुरोध



**येरुशलम, एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने चल रहे भ्रष्टाचार मुकदमे के बीच देश के राष्ट्रपति से आधिकारिक रूप से माफी मांगी है। यह कदम इस्राइल की राजनीति में बड़ा और असाधारण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है। वहीं राष्ट्रपति कार्यालय ने इस आवेदन को 'असाधारण और दूरगामी असर वाला कदम' बताया है।

**नेतन्याहू पर क्या हैं आरोप :** बेंजमिन नेतन्याहू इस्राइल के इतिहास में पहले ऐसे मौजूदा प्रधानमंत्री हैं जिन पर भ्रष्टाचार का मुकदमा चल रहा है। उनके खिलाफ तीन बड़े मामलों में आरोप दर्ज हैं। इसमें धोखाधड़ी, भरोसे का उल्लंघन, रिश्वत लेना शामिल हैं। इन मामलों में आरोप है कि नेतन्याहू ने अमीर व्यापारियों और राजनीतिक समर्थकों से उपहार और फायदे लिए और बदले में उन्हें लाभ पहुंचाया। हालांकि, अब तक किसी भी मामले में उनकी दोष सिद्धि नहीं हुई है। वह लगातार सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं।

**नेतन्याहू का देशवासियों के लिए संदेश :** इस्राइल के नागरिकों। मेरे खिलाफ जांच शुरू हुए लगभग दस साल हो गए हैं। इन मामलों में ट्रायल लगभग छह साल से चल रहा है और उम्मीद है कि यह कई और वर्षों तक चलेगा। जैसे-जैसे कोर्ट में मेरे खिलाफ झूठी दलीलों को पूरी तरह से गलत साबित करने वाले बयान और सबूत सामने आ रहे हैं, और जैसे-जैसे यह साफ हो रहा है कि मेरे खिलाफ सबूतों का ढांचा गंभीर अपराध करते हुए बनाया गया था, मेरा निजी हित रहा है और रहेगा कि इस प्रोसेस को आखिर तक जारी रखा जाए जब तक कि मैं सभी आरोपों से पूरी तरह बरी न हो जाऊं। लेकिन सुरक्षा और राजनीतिक हकीकत, देश के हित, कुछ और ही चाहते हैं। इस्राइल देश बहुत बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है और उनके साथ-साथ खतरों को दूर करने के बहुत सारे मौके भी हैं। इन मौकों को पाने के लिए देश की एकता जरूरी है। ट्रायल का जारी रहना हमें अंदर से तोड़ रहा है। फूट डालने की यह कोशिश फूट को और बढ़ाती है। मुझे यकीन है, देश के कई और लोगों की तरह, कि ट्रायल का तुरंत खत्म होना आग को कम करने और उस बड़े मेल-मिलाप को बढ़ावा देने में बहुत मदद करेगा जिसकी हमारे देश को बहुत जरूरत है। मैंने इस मामले पर लंबे समय से बहस की है, लेकिन हाल ही में जो हुआ है।

## भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की उम्मीद, नहीं प्रभावित होंगे संबंध: विदेश सलाहकार हुसैन

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने रविवार को कहा कि वह भारत से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की उम्मीद करता है। लेकिन इस मुद्दे को नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में बाधा नहीं बनने देगा। ढाका में अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान यह बात कही। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत हसीना को प्रत्यर्पित किए बिना बेहतर संबंधों की उम्मीद की जा सकती है तो हुसैन ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे (द्विपक्षीय) संबंध केवल एक मुद्दे पर अटके नहीं रहेंगे। हालांकि हुसैन ने कहा कि चूंकि हसीना अब एक घोषित अपराधी हैं, बांग्लादेश उनके जल्द से जल्द भारत से प्रत्यर्पण की उम्मीद करता है। हसीना के खिलाफ पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। जिस दौरान कई प्रदर्शनकारी मारे गए थे। कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पांच अगस्त 2024 को उनकी सरकार का पतन हो गया। इसके बाद हसीना ने भागकर भारत में शरण ली। इस साल 17 नवंबर को एक विशेष न्यायाधिकरण ने गैरहाजिर होने पर पूर्व प्रधानमंत्री को मृत्युंद की सजा सुनाई गई। इससे पहले बांग्लादेश की एक अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित किया था। ढाका में मोहम्मद यूनुस नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत भारत के साथ संबंधों के बारे में एक अन्य सवाल के जवाब में हुसैन ने कहा, भारत को नई वास्तविकताओं के साथ तालमेलन होने के लिए कुछ समय चाहिए। हालांकि सलाहकार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच बेहतर संबंध देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ बेहतर संबंध रखना चाहेंगे, जो दोनों पक्षों के हितों पर आधारित हों। इससे पहले बुधवार को हुसैन ने कहा था कि भारत ने हसीना के प्रत्यर्पण के लिए पहले की गई मांग पर कोई जवाब नहीं दिया। लेकिन ढाका अब नई दिल्ली से जवाब की उम्मीद करता है क्योंकि न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने और पूर्व प्रधानमंत्री के दोषी ठहराए जाने के बाद 'स्थिति अब अलग है।

## दित्वाह से श्रीलंका में अब तक 334 लोगों की मौत, भारतीय एयरफोर्स 104 भारतीयों को रेस्क्यू कर लाई वापस



**कोलंबो , एजेंसी।** श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह से मची तबाही में अब तक कम से कम 334 लोगों की मौत हो चुकी है। कोलंबिया के स्थानीय मीडिया ने डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर (डीएमसी) के हवाले से बताया कि 370 लोगों की अब तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इस बीच ऑपरेशन सागरबंधु के तहत भारतीय वायु सेना श्रीलंका के आपदाग्रस्त क्षेत्रों फंसे लोगों को रेस्क्यू कर रही है। भारतीय वायुसेना ने 40 श्रीलंकाई सैनिकों और 104 भारतीयों को रेस्क्यू किया। इस तूफान से कैंडी शहर में सबसे ज्यादा तबाही मची है। कैंडी में अब तक 88 मौतें हुई हैं, जबकि 150 लोग लापता बताए गए हैं। बादुल्ला में 71, नुवारा एलिया में 68 और मटाले में 23 लोगों की मौत हुई है। डेली मिरर ने डीएमसी के हवाले से बताया कि इस आपदा से देशभर के 309,607 परिवारों के 1,118,929 लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं कुछ इलाके ऐसे भी हैं, जहां संपर्क पूरी तरह से बाधित हो गया है। इसकी वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में भी दिक्कतें आ रही हैं। भारतीय रेस्क्यू टीमें बाढ़ से प्रभावित समुदायों की मदद के लिए श्रीलंका एयर फोर्स, नेवी, आर्मी, और पुलिस के साथ तालमेल बैठाकर काम कर रही हैं। वहीं फर्स्ट रिस्पांडर (जो आपदा या इमरजेंसी के समय में सबसे पहले पहुंचकर प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाते हैं) भी रेस्क्यू ऑपरेशन में अन्य टीमों के साथ कोऑर्डिनेशन कर लोगों को बचाने का काम कर रहे हैं। कोलंबो में भारतीय उच्चायुक्त ने जानकारी दी है कि श्रीलंका में फंसे 104 भारतीय नागरिकों के आखिरी बैच को सोमवार को निकालकर घर वापस लाया गया। भारतीय हाई कमीशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'कोलंबो के बंदरनायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे भारतीय यात्रियों का आखिरी बैच घर पहुंच गया है। 104 फंसे हुए भारतीय आज सुबह करीब 6.30 बजे भारतीय वायु सेना के विमान से तिरुवनंतपुरम पहुंचे।' लोगों को निकालने के साथ-साथ भारत ने श्रीलंका में बचाव और राहत अभियान भी तेज कर दिए हैं। इससे पहले भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने रविवार को ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका के एक प्रतिबंधित क्षेत्र से फंसे यात्रियों को निकालने के लिए एक हाइब्रिड बचाव अभियान चलाया। आईएएफ ने एक्स पर कहा कि एक गरुड़ कमांडो को विंच से नीचे उतारा गया ताकि ग्रुप को कोटमाले के एक हेलीपैड तक ले जाया जा सके, जहां से 24 यात्रियों को कोलंबो पहुंचाया गया। सेना ने कहा, 'एक साथ की कोशिश में, तीन गंभीर घायलों को तुरंत मेडिकल मदद के लिए कोलंबो एयरलिफ्ट किया गया।

## नक्शा विवाद के बीच नेपाल ने चीनी कंपनी को दिया नोट छपाई का ठेका, इतने करोड़ नोटों का करार

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाली नोट पर अंकित नक्शे को लेकर जारी विवाद के बीच काठमांडो ने विभिन्न मूल्यों के अपने नोटों की छपाई का ठेका चीनी कंपनी को दे दिया है। 100 रुपये के नेपाली नोट पर अंकित नक्शे में भारत के तीन क्षेत्रों को अपने हिस्से में दर्शाया गया है। नेपाल राष्ट्रीय बैंक (एनआरबी) के प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने बताया कि एनआरबी ने चाइना बैंक नोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन को 50, 500 व 1,000 के नेपाली रुपये के नोट छापने का ठेका दिया है। पौडेल ने कहा कि हाल में दिए गए ठेके के अनुसार चीनी प्रेस नौ महीने के भीतर नेपाली बैंक नोटों का डिजाइन, प्रिंट व आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। एनआरबी चीनी कंपनी को जानकारी उपलब्ध कराएगा जिसके आधार पर वह नोट को डिजाइन करेगा। डिजाइन को एनआरबी मंजूर करेगा जिसके बाद ही नोटों की छपाई होगी।

**4.30 करोड़ नोटों की छपाई के लिए हुआ करार :** महीने की शुरुआत में इसी चीनी कंपनी के साथ 1,000 रुपये के 4.30 करोड़ नोटों की छपाई के लिए करार हुआ था। नेपाली रुपये के 1,000 के नोट पर दूसरी चीजों के साथ सात रोडोडेंड्रोन होंगे, जो नेपाल का राष्ट्रीय फूल है। नोट पर सात प्रांत दिखाए गए हैं। कालापानी, लिपुलेख, लिम्पियाधुरा को दिखाया अपना हिस्सा दरअसल, नेपाल के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को 100 रुपये का नया नोट जारी किया है, जिसमें देश का संशोधित नक्शा छपा है। इस नक्शे में भारतीय क्षेत्र कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है। भारत ने इसको लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने नेपाल के नक्शे की निंदा की और कहा कि यह एकतरफा कृत्य है, जो जमीनी हकीकत नहीं बदलता। नक्शे को लेकर विवाद पिछले एक साल से चल रहा है और भारत ने नेपाल को आगाह किया था कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा कृत्रिम विस्तार स्वीकार्य नहीं होगा। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) की ओर से जारी नया नोट पूर्व गवर्नर महाप्रसाद अधिकारी के हस्ताक्षर वाला है। नोट पर छपाई वर्ष 2081 बीएस (साल 2024) दर्ज है। वर्ष 2020 में तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार ने संसद से मंजूरी लेकर इन क्षेत्रों को शामिल करते हुए नया राजनीतिक नक्शा जारी किया था। भारत का कहना है कि लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा उसके क्षेत्र हैं। साल 2020 में भारत ने नेपाल के संशोधित नक्शे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे एकतरफा और अस्वीकार्य कदम बताया था। नेपाल की भारत से 1,850 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है।

## ट्रंप लंबे समय के लिए खत्म कर सकते हैं शरण देने की प्रणाली



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** बीते दिनों अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास हुए हमले के बाद ट्रंप प्रशासन ने जांच नियमों और सुरक्षा प्रक्रियाओं को और सख्त करने का फैसला किया है। इसके तहत अब ट्रंप की प्रशासन ने अमेरिका में आव्रजन (इमिग्रेशन) नीतियों को और कड़ा करने की तैयारी कर रहा है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रशासन के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि वे शरण देने की प्रक्रिया को लंबे समय के लिए रोकना चाहते हैं। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि कई ऐसे लोग देश में आ रहे हैं जिन्हें अमेरिका में नहीं होना चाहिए। ट्रंप ने हाल ही में व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी करने वाले अफगान नागरिक का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे लोग देश के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे लोगों को अमेरिका नहीं चाहते। इनमें से कई लोग ऐसे हैं जो अच्छे नहीं है। हमारे पास पहले से ही काफी समस्याएं हैं।

**व्हाइट हाउस के पास हमला :** बता दें कि यह कदम उस अफगान प्रवासी की गिरफ्तारी के बाद आया है जिस पर व्हाइट हाउस के पास एक नेशनल गार्ड सदस्य की हत्या का आरोप है। बुधवार को हुए हमले में स्पेशलिस्ट सारा बेकस्ट्रॉम की मौत हो गई, जबकि स्टाफ सार्जेंट एंड्रयू वोल्फ गंभीर रूप से घायल हैं। इस घटना के बाद ट्रंप प्रशासन ने जांच नियमों और सुरक्षा प्रक्रियाओं को और सख्त करने का फैसला किया है।

**सोमालिया जैसे देशों पर साधा निशाना :** ट्रंप ने सोमालिया जैसे देशों पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ये ऐसे देश हैं जहां न सरकार है, न सेना, न पुलिस। लोग एक-दूसरे को मारते रहते हैं और फिर हमारे देश आकर बताते हैं कि हमें कैसे चलाना चाहिए। हमें इनकी जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि 19 से ज्यादा देशों पर कड़े प्रतिबंध लग सकते हैं, क्योंकि वे अपराध से भरे हुए हैं। नेशनल गार्ड पर हमले का जिक्र इस दौरान ट्रंप ने व्हाइट हाउस के पास हुए हमले में घायल दो नेशनल गार्ड सैनिकों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एंड्रयू वोल्फ अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि दूसरी सैनिक सारा बेकस्ट्रॉम की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हमले के आरोपी अफगान नागरिक रहमनुल्लाह लाकनवाल पर योजना बनाकर और जानबूझकर की गई हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पूर्व राष्ट्रपति बाइडन पर भी बोला बड़ा हमला इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर भी गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने बिना जांच-पड़ताल के लोगों को देश में आने दिया, जिससे आज यह स्थिति बनी। ट्रंप ने यह भी कहा कि होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने भी कहा कि बाइडन प्रशासन ने देश के खिलाफ आत्म-नुकसान करने जैसा काम किया। गौरतलब है कि लाकनवाल 2021 में ऑपरेशन एलाइज वेलकम के तहत अमेरिका आया था।

## फ्लोरिडा में यूएस-यूक्रेन की मीटिंग, ट्रंप टीम जल्द मॉस्को जाकर पुतिन से करेगी वार्ता

**तल्हासी, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की कोशिशें एक बार फिर तेज हो गई हैं। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के शीर्ष अधिकारी रविवार को फ्लोरिडा में यूक्रेनी अधिकारियों से मिले, जहां प्रस्तावित शांति फ्रेमवर्क के अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस बीच ट्रंप ने संकेत दिया है कि वे अपने प्रतिनिधिमंडल को इस सप्ताह मॉस्को भेज रहे हैं, जहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से महत्वपूर्ण वार्ता तय है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर ने यूक्रेनी शांति दल से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब यूक्रेन एक ओर रूसी सेना से जूझ रहा है और दूसरी ओर बड़े घरेलू भ्रष्टाचार विवाद से घिरा है।

**शांति समझौते के लिए अभी और काम जरूरी: रूबियो :** अमेरिका और यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों ने रविवार को लगभग चार घंटे तक बैठक की। इस वार्ता का उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए एक रास्ता तलाशना था। बैठक के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि बातचीत उपयोगी रही, लेकिन अभी शांति समझौते तक पहुंचने के लिए काफी काम बाकी है। रूबियो ने कहा मुद्दा सिर्फ लड़ाई खत्म करने का नहीं है, बल्कि ऐसा समाधान ढूंढना है जिससे यूक्रेन की संप्रभुता और उसका भविष्य सुरक्षित रहे। आज हमने कुछ प्रगति की है, लेकिन यह प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। यूक्रेन की तरफ से सुरक्षा परिषद प्रमुख रुस्तेम उमेरोव ने हिस्सा लिया। उन्होंने अमेरिका के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा अमेरिका हमारी बात सुन रहा है, हमें समर्थन दे रहा है और हमारे साथ काम कर रहा है। उमेरोव ने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत में कितनी प्रगति हुई, लेकिन उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक सुरक्षित और समृद्ध यूक्रेन है, और इस दिशा में



अमेरिका पूरी तरह सहयोग कर रहा है।

**भ्रष्टाचार विवाद के बीच बदला यूक्रेन का वार्ताकार :** कुछ दिन पहले राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने शक्तिशाली चीफ ऑफ स्टाफ आंद्रिय येर्माक का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। ऊर्जा सेक्टर में 100 मिलियन डॉलर की गबन घोटाले की जांच के बाद यह बड़ा कदम उठाया गया। रूबियो की येर्माक से पिछली मुलाकात केवल एक हफ्ता पहले जिनेवा में हुई थी, जहां दोनों पक्षों ने शांति योजना के संशोधित ड्राफ्ट पर सहमति जताई थी।

**ट्रंप-पुतिन वार्ता से पहले बढ़ी हलचल :** ट्रंप ने संकेत दिया है कि वे मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से वार्ता के लिए अपने दूत स्टीव विटकॉफ और संभवतः जेरेड कुश्नर को भेजेंगे। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति भवन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने भी पुष्टि की है कि पुतिन गुरुवार से पहले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे। ट्रंप की शांति योजना में कई विवादित बिंदु शामिल थे। जैसे यूक्रेन की सेना के आकार पर सीमा लगाने का प्रस्ताव, नाटो सदस्यता पर रोक, 100 दिनों के भीतर चुनाव करवाने की शर्त और शुरुआती प्रस्ताव में पूर्वी डोनबास क्षेत्र को रूस को सौंपने का सुझाव, जिसे अब संशोधित कर दिया गया है। हालांकि, ट्रंप इस पूरी योजना को अब केवल एक 'कॉन्सेप्ट' या 'ब्लूप्रिंट' बता रहे हैं, जिससे यह साफ है कि इसके अंतिम स्वरूप को लेकर अभी भी कई पहलू तय होना बाकी हैं।

**युद्ध नहीं थमा, हमले जारी :** यूक्रेन में शांति वार्ता की हलचल के बीच रूस ने कीव और उसके आसपास के क्षेत्रों में मिसाइल और ड्रोन हमलों की तीव्रता बढ़ा दी है। शनिवार को हुए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए। वहीं, रविवार तड़के वियशहोरोड में एक आवासीय इमारत पर ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 19 लोग घायल हुए, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, रूस ने हाल के हमलों में 122 ड्रोन और कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमलों की संख्या बताते हुए कहा कि सिर्फ एक हफ्ते में रूस ने 1,400 ड्रोन और 66 मिसाइलें दागीं। हमें मजबूत वायु सुरक्षा और ऐसे वास्तविक समाधान चाहिए जो युद्ध को समाप्त करने में मदद कर सकें।

# रायपुर वनडे से पहले स्टेन का बड़ा बयान: रोहित-विराट का जलवा कायम, डी कॉक पर सबकी निगाहें



**रांची (एजेंसी)।** रायपुर में भारत के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे, जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिए, रांची में पहले वनडे में शून्य पर आउट होने के बाद वरिष्ठ बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक को कुछ साबित करना होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे बुधवार को रायपुर में होगा। भारत सीरीज में 1-0 से आगे है।

रांची में पहले वनडे में विराट कोहली (135), केएल राहुल (60) और रोहित शर्मा (58) ने यादगार बल्लेबाजी की, जिससे भारत 349/8 पर पहुंच गया। 11/3 से पिछड़ने के बाद, मैथ्यू ब्रीट्ज़के (72), मार्को जेनसन (70) और कॉर्बिन बॉश (67) की प्रोटियाज तिकड़ी ने प्रोटियाज को जीत के करीब पहुंचाया। दूसरे वनडे से अपनी उम्मीदों पर बात करते हुए, जियोस्टार विशेषज्ञ स्टेन ने कहा कि मुझे लगता है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का प्रदर्शन जारी रहेगा। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूँ कि कौन से तेज़ गेंदबाज़ और कौन से स्पिनर कुछ दिलचस्प करते हैं। यह अब तक बल्लेबाज़ों के लिए स्वर्ग रहा है, तो कौन से गेंदबाज़ दूसरे वनडे में अच्छा प्रदर्शन करेंगे? क्विंटन डी कॉक ने पहले वनडे में कोई रन नहीं बनाया था, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें अपनी बात साबित करनी होगी। वह ऐसे गेंदबाज़ हैं जिन पर दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर बनाने के लिए निर्भर करेगा।

इस साल वनडे से संन्यास लेने के बाद सफ़ेद गेंद से वापसी करने के बाद से, डी कॉक ने वनडे में दक्षिण अफ्रीका के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने चार मैचों में 79.66 की औसत और 91 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 123* रन रहा है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भारत के खिलाफ है, उन्होंने भारत के खिलाफ 51.28 की औसत से 1,077 रन बनाए हैं, जिसमें छह शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं तथा उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 135 रन है।

## महिला क्रिकेटरों स्नेह राणा, प्रतीका रावल और रेणुका सिंह का हुआ प्रमोशन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) ने 2025 विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तीन खिलाड़ियों स्नेह राणा, प्रतीका रावल और रेणुका सिंह ठाकुर को प्रमोशन दिया है। रेलवे ने इन तीनों को ही आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन देते हुए ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी- स्पोर्ट्स) के पद पर नियुक्त किया है। इन तीनों खिलाड़ियों को अब ग्रुप बी गजेटेड ऑफिसर के बराबर वेतन और सुविधाएं मिलेंगी। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) की इस पहल से महिला क्रिकेटरों को न केवल आर्थिक सुरक्षा मिलेगी बल्कि प्रशासनिक जिम्मेदारी भी मिलेगी।

गौरतलब है कि महिला क्रिकेट विश्व कप का आयोजन इस बार भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में हुआ था। इसके खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार खिताब जीता था।

राणा सहित तीनो ही क्रिकेटरों ने इस सम्मान और प्रमोशन के लिए रेलवे का आभार जताते हुए कहा है कि इससे उनको और बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी। राणा को

राणा हाल ही में महिला प्रीमियर लीग नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी टीम में शामिल किया। गत सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलने के बाद राणा अब जेमिमा रोड्रिग्स और शैफाली वर्मा के साथ कैपिटल्स की ओर से खेलती नजर आयेंगी।

## वैभव सूर्यवंशी की नाबाद शतकीय पारी बेकार गई, महाराष्ट्र के खिलाफ हारा बिहार



**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रतिभावान बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 61 गेंद में नाबाद 108 रन की पारी के बावजूद बिहार को मंगलवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में महाराष्ट्र के खिलाफ तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर बिहार ने 14 साल के सूर्यवंशी की नाबाद पारी से तीन विकेट पर 176 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और सात छक्के मारे और टूर्नामेंट के इतिहास में शतक जड़ने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। इसके जवाब में महाराष्ट्र ने कप्तान पृथ्वी साव की 30 गेंद में 66 रन की पारी के अलावा नीरज जोशी(30), रंजीत निकम (27) और निखिल नाईक (22) की पारियों से पांच गेंद शेष रहते सात विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की। मोहम्मद इजहार (22 रन पर दो विकेट) और सकीबुल गनी (50 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाकर बिहार को मैच में बनाए रखा लेकिन महाराष्ट्र ने अंततः धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। इससे पहले सूर्यवंशी ने सात छक्के जड़ बिहार की ओर से टी20 पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने आयुष लोहारुका (नाबाद 25) के साथ चौथे विकेट के लिए 75 रन जोड़े। सूर्यवंशी ने अंतिम ओवर में अर्शिन कुलकर्णी पर चौके के साथ शतक पूरा किया। जाधवपुर यूनिसर्विटी मैदान पर गोवा ने मध्य प्रदेश को सात विकेट से हराया। मध्य प्रदेश के 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गोवा ने सुयश प्रभुदेसाई (नाबाद 75) और अभिनव तेजराणा (55) के अर्धशतक से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर171 रन बनाकर जीत दर्ज की। मध्य प्रदेश ने इससे पहले हरप्रीत सिंह के 80 रन की बदौलत छह विकेट पर 170 रन बनाए।

## आईपीएल2026 नीलामी: 2 करोड़ बेस प्राइस पर ग्रीन, लिविंगस्टोन; वेंकटेश-बिश्नोई लिस्ट में, मैक्सवेल क्यों नहीं?




**मुम्बई (एजेंसी)।** कैमरून ग्रीन, लियाम लिविंगस्टोन, रवि बिश्नोई, वेंकटेश अय्यर और मथीशा पथिराना उन 45 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 2026 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में 2 करोड़ रुपये के उच्चतम आधार मूल्य के साथ प्रवेश किया है। कुल 1,355 खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है और 30 नवंबर को पंजीकरण बंद होने के बाद सोमवार को फ्रेंचाइजी के साथ साझा किया। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अधिकतम 25 खिलाड़ियों की टीम बनाने की अनुमति है और इस साल 77 स्थान उपलब्ध हैं, जिनमें 31 विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं।

आईपीएल सभी दस टीमों से इच्छा सूची प्राप्त करने के बाद इस सूची को छोटा करेगा। 16 दिसंबर को अबू धाबी में दिन भर चलने वाली नीलामी से पहले, फ्रेंचाइजी को अपनी शॉर्टलिस्ट जमा करने के लिए 5 दिसंबर तक का समय दिया गया है। भारतीय खिलाड़ियों में, प्रमुख भूमिकाओं में विशेषज्ञ खिलाड़ी बड़ी बोलियां आकर्षित कर सकते हैं, लेकिन सुर्खियाँ ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पर टिकी हैं, जिन्होंने पीठ की चोट के कारण 2025 की मेगा-नीलामी को छोड़ दिया था। जिन टीमों के मजबूत रुचि दिखाने की उम्मीद है, उनमें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) (64.3 करोड़ रुपये का पर्स) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) (43.4 करोड़ रुपये) शामिल हैं, दोनों के पास स्वस्थ बजट हैं।

केकेआर, विशेष रूप से वेस्टइंडीज के टी20 दिग्गज आंद्रे रसेल के हाल ही में आईपीएल से संन्यास लेने के बाद, ग्रीन पर आक्रामक रूप से काम कर सकता है। ग्रीन की बहुमुखी प्रतिभा, वह क्रम में कहीं भी बल्लेबाजी कर सकते हैं, सीम-अप गेंदबाजी कर सकते हैं, और क्षेत्ररक्षण में भारी योगदान दे सकते हैं, उन्हें इस साल सबसे अधिक मांग वाले नामों में से एक बनाता है। केकेआर ने वेंकटेश अय्यर सहित नौ खिलाड़ियों को रिलीज़ किया, जिनकी कीमत उन्हें पिछले साल की मेगा-नीलामी में 23.5 करोड़ रुपये लगी थी। अब उनके पास भरने के लिए 12 स्थान हैं, जिनमें छह विदेशी शामिल हैं। पांच बार की चैंपियन सीएसके में नौ रिक्तियां हैं, जिनमें से चार विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं।

इस नीलामी से पहले रिलीज़ किए गए कई खिलाड़ियों ने 2 करोड़ रुपये की शीर्ष मूल्य सीमा को चुना है। इसमें श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी शामिल हैं, जिन्हें सीएसके ने पिछले साल 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ के रूप में उनकी कीमत के बावजूद, चोट से जूझने के बाद रिलीज़ कर दिया था। इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन, जिन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 8.75 करोड़ रुपये में खरीदा था, भी एक निराशाजनक सीज़न के बाद खुद को पूल में वापस पाते हैं।

भारतीय खिलाड़ियों में, वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई, दोनों ने खुद को 2 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर सूचीबद्ध किया है। बिश्नोई, जिन्हें पिछले साल लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, को फ्रैंचाइज़ी के साथ चार सीज़न बिताने के बाद जाने दिया गया। इस लंबी सूची में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का नाम शामिल नहीं है। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने पिछले सीज़न में उन्हें 4.2 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन अब 37 वर्षीय मैक्सवेल की 2025 सीज़न के बीच में उंगली में फ्रैक्चर हो गया और उनकी जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को शामिल किया गया है, जिन्हें रिटेन किया गया है।

## शास्त्री बोले, गंभीर की जगह मैं होता तो हार की पूरी जिम्मेदारी लेता

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने टेस्ट क्रिकेट में टीम के खराब प्रदर्शन पर निराशा जतायी है। शास्त्री के अनुसार टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेने से कोच कोच गौतम गंभीर बच नहीं सकते। कोच के अलावा टीम के खराब प्रदर्शन के लिए खिलाड़ी भी जिम्मेदार हैं क्योंकि जिस प्रकार से लगातार विकेट गिरे उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। जहां तक विकेट को स्पिनरों से अधिक



सहायता मिलने की बात है। उसका भी बहाना नहीं चलेगा क्योंकि हम शुरुआत से ही ऐसे ट्रैक पर खेलते रहे हैं। 2012 से 2024 तक घरेलू धरती पर एक भी सीरीज नहीं हारने वाली भारतीय टीम गंभीर के हेड कोच बनने के बाद 2 घरेलू सीरीज हारी है। उसे पिछले साल न्यूजीलैंड ने 3-0 से हराया। वहीं अब दक्षिण अफ्रीका ने 2-0 से पराजित किया है। शास्त्री ने कहा कि अगर ये उनके साथ होता तो वह सारी जिम्मेदारी स्वयं ले लेते। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी में जिस प्रकार 100 रन पर एक विकेट से 130 रन पर 7 विकेट गिरे हैं। ये टीम खराब भी नहीं है। उनके पास बहुत प्रतिभा है। खिलाड़ियों को भी कुछ जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आप क्रिकेट खेलने की जब शुरुआत करते हैं, तब से स्पिन खेले हैं।' जब ने उनसे ये पूछा कि क्या वह मुख्य कोच गंभीर का बचाव कर रहे हैं, तब शास्त्री ने कहा, मैं (उनका) बचाव नहीं कर रहा। सौ फीसदी वह भी जिम्मेदार हैं। शास्त्री जब कोच थे तब विराट कोहली टीम के कप्तान थे। उस समय भारतीय टीम घर में हराने और सीरीज जीतने की ताकत रखती थी। शास्त्री-कोहली के समय में भारतीय टीम अपनी धरती पर केवल दो टेस्ट हारी थी। शास्त्री भारत के सबसे सफल कोच में से एक हैं। उनके कार्यकाल में 2017 से 2021 तक भारत का टेस्ट में जीत का रिकार्ड 65 का रहा था।

## लंबी अवधि के प्रारूप मुझे रास आते हैं, विकेटों के बीच दौड़ने पर कोहली से सलाह लेता हूं : तिलक वर्मा

मुम्बई। भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा को लंबे प्रारूपों में खेलना रास आता है और वह विराट कोहली से फिटनेस और विकेटों के बीच दौड़ के बारे में सलाह ले रहे हैं ताकि आने वाले मौकों का पूरा फायदा उठा सकें। तेइस वर्षीय इस खिलाड़ी ने अब तक सिर्फ चार वनडे खेले हैं जबकि उन्हें टेस्ट टीम में मौका मिलने का इंतजार है। उन्होंने



कहा कि मौजूदा वनडे श्रृंखला में टीम में कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की मौजूदगी से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। तिलक ने 'जियोस्टार' से कहा, '' वनडे और टेस्ट क्रिकेट मेरे खेल के मुताबिक है और मैं इसका अधिक लुत्फ उठाता हूं। मैं और वनडे खेलने के लिए उत्साहित हूं। जब रोहित भाई और विराट भाई एक ही टीम में होते हैं, तो आत्मविश्वास का स्तर बिल्कुल अलग होता है।'' उन्होंने रोहित और कोहली की तारीफ करते हुए कहा, ''उनके पास अपार अनुभव और ज्ञान है। मैं बेहतर होने के लिए उनसे ज्यादा से ज्यादा सलाह लेने की कोशिश करता हू।' इस युवा वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि वह कोहली से खास तौर पर फिटनेस और विकेटों के बीच दौड़ के बारे में सलाह लेते रहे हैं क्योंकि वह इस मामले में वह उत्कृष्टता हासिल करना चाहते हैं। तिलक ने कहा, ''मैं विराट भाई से काफी बात करता हूं, खासकर फिटनेस और विकेटों के बीच दौड़ के बारे में उनकी सलाह लेता हूं। मुझे भी दौड़ना पसंद है और मुझे लगता है कि इस मामले में मैं काफी तेज हूं। '' दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा वनडे श्रृंखला के बारे में तिलक ने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुझे जब भी मौके मिलेंगे, मैं उन मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ करना चाहूंगा। मैं वनडे और टेस्ट में भी खुद को साबित करना चाहता हूं।

## जूनियर महिला वर्ल्ड कप : भारत की नामीबिया पर बड़ी जीत, 13-0 से हराया




**सैंटियागो (चिली) (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने पूल सी के अपने पहले मैच में नामीबिया को 13-0 से रौंद कर महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड एस्टाडियो नैशनल में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम के लिए कनिका सिवाच ने (12वें, 30वें, 45वें) मिनट और हिना बानो (35वें, 35वें, 45वें) मिनट में शानदार हैट्रिक लगाकर स्कोरिंग में सबसे आगे रहीं, जबकि साक्षी राणा ने (10वें, 23वें) मिनट में दो गोल किए।

भारत के शानदार प्रदर्शन में बिनिमा धन ने (14वें), सोनम ने (14वें), साक्षी शुक्ला ने (27वें), इशिका ने (36वें), और मनीषा ने (60वें) मिनट में एक-एक गोल किया। भारत ने शुरू में ही लय बना ली और विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। 10वें मिनट में सफलता मिली जब साक्षी राणा ने एक तेज रिवर्स फ्लिक से गोल किया। कनिका सिवाच ने जल्द ही एक जबरदस्त फिनिश के साथ अपना दूसरा गोल किया। इससे पहले बिनिमा धन और सोनम के तेज स्ट्राइक ने पहले क्वार्टर के आखिर तक स्कोर 4-0 कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में भी एकतरफा मुकाबला जारी रहा जब राणा ने अपना दूसरा गोल किया, और साक्षी शुक्ला ने पेनल्टी-कॉर्नर ड्रैगफ्लिक को गोल में बदला। सिवाच ने हाफ-टाइम से ठीक पहले एक और गोल करके बढ़त को 7-0 कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में भी उसी लय के साथ शुरुआत की। हिना बानो ने जल्दी-जल्दी दो गोल किए, जिसमें एक टॉप-कॉर्नर फिनिश भी शामिल था, इसके बाद इशिका ने एक रिबाउंड पर गोल करके स्कोर डबल-डिजिट तक पहुंचाया।

बानो ने पेनल्टी-कॉर्नर डिफ्लेक्शन से अपनी हैट्रिक पूरी की और सिवाच ने कुछ ही पल बाद अपनी हैट्रिक पूरी करके स्कोर को आखिरी क्वार्टर में 12-0 कर दिया। कई रोटेशन के बावजूद, भारत का दबदबा बना रहा और मनीषा के आखिरी पेनल्टी-कॉर्नर पर किए गए गोल ने 13-0 की जीत पूरी की। भारतीय टीम बुधवार को अपने अगले ग्रुप-स्टेज मैच में जर्मनी भिड़ेगी।

## राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से खिलाड़ियों को लाभ होगा : लवलीना बोरगोहेन



नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कहा है कि भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी से उभरते हुए खिलाड़ियों को लाभ होगा। बोरगोहेन ने मेजबानी मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे युवा प्रतिभाओं को खेलों में आगे बढ़ने और वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने की प्रेरणा मिलेगी। साथ ही कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ता है। भारतीय मुक्केबाज़ ने कहा कि यह देश के लिए एक अच्छा है क्योंकि जब देश में कोई बड़ी प्रतियोगिता होती है, तो खिलाड़ियों को और भी अवसरा मिलते हैं। यह गुजरात में आयोजित होगा, इसलिए वहां के खिलाड़ियों को विशेष लाभ होगा। इससे पहले भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 100वें राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी के अधिकार मिलने पर प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की सामूहिक प्रतिबद्धता ने वैश्विक खेल मंच पर भारत का स्थान मज़बूती से स्थापित किया है। बररहाल खिलाड़ी इन खेलों की तैयारियों को शुरु करने लगे हैं। निशानेबाज सरबजोत सिंह ने कहा कि 2030 में होने वाले इन खेलों को लेकर वह उत्साहित है। उन्होंने कहा कि यह ये खेल अहमदाबाद में आयोजित होगी, जिसमें खिलाड़ियों को अच्छी सुविधा मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इन खेलों में देश को कई पदक मिलना तय है। उन्होंने बताया कि वह हर दिन चार से पांच घंटे अभ्यास कर रहे हैं। वहीं हाल में कजाकिस्तान में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक विजेता आदित्य मालरा ने कहा है कि देश में राष्ट्रमण्डल खेलों को लेकर काफी उत्साह है, क्योंकि पहले भारत के खिलाड़ी बाहर इन खेलों को खेलने जाया करते थे, लेकिन अब बाहर विदेशों के खिलाड़ियों को भी भारत में यह खेल खेलने का अवसर मिल रहा है। मिलेगा।

## 38 की उम्र में रोहित की आक्रामक पारी देखकर हैरान हैं इरफान पठान



मुम्बई। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में आकामक बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाने के लिए सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। रोहित ने पहले ही एकदिवसीय में शानदार पारी के साथ ही दिखाया है कि अभी उनमें काफी क्रिकेट बचा है। टेस्ट और टी20 से संन्यास लेने के बाद रोहित की यह पारी दिखाती है कि उनका फार्म अब भी बरकरार है। इसी को लेकर पठान ने कहा कि 38 साल की उम्र में जिस प्रकार से रोहित ने बल्लेबाजी की है। उससे उनकी फार्म का अंदाजा होता है। पठान ने कहा, रोहित अपने करियर के सबसे अच्छे दौर में दिख रहे हैं। वह 38 साल के हो गये ये लगता ही नहीं है। उन्होंने फिटनेस में काफी सुधार किया है पर जिस तरह उन्होंने हालातों को देखकर बल्लेबाजी की है। उससे अंदाजा होता है कि वह किस मानसिकता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। रोहित ने इस मैच में एक और बड़ा विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने तीन छक्के लगाकर एकदिवसीय में तेजी से अपनी 350 छक्के पूरे किये हैं।

## SMAT : हार्दिक पांड्या की पेशेवर क्रिकेट में धमाकेदार वापसी, ठोका शानदार अर्धशतक, बड़ौदा जीती




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंबे समय बाद पेशेवर क्रिकेट में लौटे हार्दिक पांड्या ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (SMAT) में आते ही ऐसा प्रभाव छोड़ा कि पूरे भारतीय क्रिकेट जगत की नजरें उनकी ओर टिक गईं। हैदराबाद में खेले गए इस मुकाबले में हार्दिक ने सिर्फ 42 गेंदों पर नाबाद 77 रन ठोककर बड़ौदा को पंजाब पर यादगार जीत दिला दी। यह पारी न सिर्फ उनकी बल्लेबाजी की पुरानी चमक को दर्शाती है, बल्कि उनके ऑलराउंड कौशल का भी शानदार उदाहरण है। उनकी यह वापसी आने वाले दिनों में भारतीय टीम संयोजन के लिए भी बड़े संकेत देती है।

### हार्दिक की आतिशी पारी ने पलटा मैच का मोमेंटम

बड़ौदा के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अपनी वापसी मैच को एक विशेष मौके में बदल दिया। 42 गेंदों में नाबाद 77 रन की तूफानी पारी में सात चौके और चार छक्के शामिल थे। उनकी बैटिंग में वही पुरानी ताकत, टाइमिंग और मैच को हाथ में लेने की क्षमता साफ दिखाई दी। पारी की शुरुआत ठंडी थी, लेकिन हार्दिक ने आते ही रफ्तार पकड़ी और पंजाब बॉलिंग अटैक की लाइन-लेथ को पूरी तरह हिला दिया। एक समय मुश्किल लग रहा लक्ष्य हार्दिक की आक्रामक बल्लेबाजी से बेहद आसान हो गया।

### शिवालिक शर्मा के साथ 101 रन की गेम-चेंजिंग पार्टनरशिप

हार्दिक के दमदार प्रदर्शन का सबसे अहम हिस्सा रहा शिवालिक शर्मा के साथ उनकी 101 रन की साझेदारी। शिवालिक ने 32 गेंदों पर 47 रन बनाए और बेहद समझदारी से रिटायर्ड आउट होकर हार्दिक को एंड पर स्ट्राइक रखने का मौका दिया।

इस साझेदारी ने मैच का पूरा रूख बदल दिया और बड़ौदा को अंत में मजबूत स्थिति में पहुंचाया। टीम को आखिरी 15 गेंदों पर 30 रन चाहिए थे, लेकिन नए बल्लेबाज जितेश शर्मा के आने के बाद चीजें और आसान हो गईं।

### बड़ौदा का दबदबा

जितेश शर्मा ने आते ही तेजी से रन जोड़े और हार्दिक का शानदार साथ निभाया। केवल 9 गेंदों में बड़ौदा ने जरूरी रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। लक्ष्य भले ही बड़ा लग रहा था, लेकिन हार्दिक की शानदार टाइमिंग और आक्रामक अंदाज ने पंजाब की गेंदबाजी को बेअसर कर दिया।

### हार्दिक का गेंदबाजी प्रदर्शन : महंगा लेकिन प्रभावी

बल्लेबाजी के अलावा हार्दिक ने गेंद से भी योगदान दिया। हालांकि उनका चार ओवर का स्पेल थोड़ा महंगा रहा (52 रन), लेकिन उन्होंने 1 विकेट चटकाया। उनकी गेंदबाजी की लय अभी पूर्ण रूप से लौटती नहीं दिखी, लेकिन वापसी मैच को देखते हुए यह प्रयास सराहनीय माना जा रहा है। आने वाले मुकाबलों में वे और बेहतर लय में लौट सकते हैं।

### पंजाब की तेज शुरुआत भी नहीं दिला सकी जीत

पंजाब की ओर से अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 19 गेंदों में फिफ्टी लगाकर शानदार शुरुआत दी। उनके अलावा अनमोलप्रीत सिंह ने 32 गेंदों में 69 रनों की दमदार पारी खेली। इन दोनों की तेज बल्लेबाजी से पंजाब का स्कोर मजबूत दिख रहा था, लेकिन उनकी गेंदबाजी हार्दिक और शिवालिक की साझेदारी को रोक नहीं पाई।

### ग्रुप सी की स्थिति, गुजरात शीर्ष पर

इस जीत के बाद ग्रुप सी में बड़ौदा और पंजाब दोनों के दो-दो मैच पूरे हो चुके हैं। वहीं गुजरात चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में सबसे आगे है। हार्दिक की यह वापसी न सिर्फ बड़ौदा के लिए राहत लेकर आई है, बल्कि भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए भी एक बड़ा सकारात्मक संकेत है, जो उन्हें फिर से अपने पुराने अंदाज में देखने के लिए उत्सुक थे।

## इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए घोषित की टीम, वुड की जगह जैक्स को शामिल किया



ब्रिसबेन। इंग्लैंड ने गुरुवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां शुरु हो रहे दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम में बदलाव करते हुए तीन साल से टीम से बाहर चल रहे स्पिन ऑलराउंडर विल जैक्स को चोटिल मार्क वुड की जगह शामिल किया है। दूसरा टेस्ट मैच 4 दिसंबर से गाबा मैदान में खेला जाएगा। यह इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है। पर्थ में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद इंग्लैंड ने एक स्पिनर को भी रखने का फैसला किया है। जैक्स को शुएब बशीर पर इसलिए वरीयता दी गयी है क्योंकि वह बल्लेबाजी भी अच्छी करते हैं। जैक्स ने इससे पहले इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैच खेले हैं और 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में पांच विकेट लिए थे।

**इंग्लैंड टीम इस प्रकार है :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्राइडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

# यात्री वाहन बिक्री में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, मारुति सुजूकी अग्रणी

### - जीएसटी कटौती और मांग ने दिया बड़ा सहारा

**नई दिल्ली ।**

नवंबर 2025 में भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री लगभग 4,25,000 इकाई रही, जो पिछले साल की इसी अवधि में 3,52,000 वाहनों से 20.7 फीसदी अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा की गई जीएसटी कटौती और त्योहारी सीजन की मांग ने इस वृद्धि को मजबूती दी है। भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सायम के अनुसार, अक्टूबर में भी घरेलू थोक बिक्री 17.2 फीसदी बढ़कर 460,739 वाहन रही। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार मजबूत मांग और जीएसटी कटौती के कारण भारत का वाहन बाजार तेजी से बढ़ रहा है। मारुति सुजूकी की की घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री, जो डीलरों को भेजी गई एक साल पहले के मुकाबले 21 फीसदी 1,70,971 इकाई हो गई। मारुति सुजूकी इंडिया (एमएसआईएल) के एक वरिष्ठ कार्य अधिकारी ने कहा कि दिसंबर में थोक बिक्री भी अच्छी रहने की उम्मीद है क्योंकि उत्पादन टीम उच्च मांग को पूरा करने के लिए ओवरटाइम काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस साल नवंबर में वाहन उद्योग की यात्री वाहनों की थोक बिक्री लगभग 4,25,000 गाड़ियों की रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में करीब 3,52,000 गाड़ियां बिकी थीं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में वाहन उद्योग की कुल यात्री वाहनों की बिक्री 5 से 6 फीसदी के दायरे में रहने की उम्मीद है। भारतीय वाहन विनिर्माताओं के संगठन सायम ने 14 नवंबर को कहा था कि त्योहारी सीजन और जीएसटी में कमी के बीच उच्च मांग के कारण इस साल अक्टूबर में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 17.2 फीसदी बढ़ी हैं और 460,739 गाड़ियां बिकी हैं। नवंबर में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री के मामले में दूसरे नंबर पर रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा की घरेलू यात्री वाहनों थोक बिक्री 56,336 इकाई रही, जिसमें कि एक साल पहले के मुकाबले 21.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। ह्युंडै मोटर इंडिया की घरेलू पीवी थोक बिक्री नवंबर में एक साल पहले के मुकाबले 4.3 फीसदी बढ़कर 50,340 इकाई हो गई।

# रिलायंस रिटेल ने अपने उपभोक्ता कारोबार का पुनर्गठन पूरा किया



### - एफएमसीजी कारोबार अब नई इकाई न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड में

**नई दिल्ली ।**

रिलायंस रिटेल ने अपने उपभोक्ता कारोबार का पुनर्गठन पूरा कर लिया है। इसके तहत एफएमसीजी (दैनिक उपभोग की वस्तुएं) ब्रांड व्यवसाय को नई इकाई न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (न्यू आरसीपीएल) में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह कदम 1 दिसंबर 2025 से प्रभावी हो गया है। अब न्यू आरसीपीएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की प्रत्यक्ष सहायक कंपनी बन गई है। न्यू आरसीपलएल में आरआईएल का हिस्सा 83.56 प्रतिशत होगा, जबकि आरआरवीएल में अन्य निवेशकों की हिस्सेदारी 16.44 प्रतिशत रहेगी। आरआरवीएल के शेयरधारकों को न्यू आरसीपलएल में शेयर आवंटित किए जाएंगे, दर के अनुसार आरआरवलीएल के दो शेयर न्यू आरसीपलएल का एक शेयर। इस प्रक्रिया के तहत आरआरवीएल की पूर्व-योजना की चुकता शेयर पूंजी रद्द और कम कर दी जाएगी। आरआईएल ने 17 अक्टूबर को अपने नवीनतम आय विवरण में कहा था कि आरसीपीएल ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 9,850 करोड़ रुपये का सकल राजस्व दर्ज किया। रिलायंस ने 2022 में एफएमसीजी बाजार में प्रवेश किया।

उसके बाद से इसने कैंपा कोला सहित कई ब्रांड का अधिग्रहण किया और कई नए ब्रांड पेश किए हैं। इसकी उपस्थिति कोला से लेकर साबुन, स्टेपल, डिशवॉशिंग लिक्विड, डिटर्जेंट और फ्लोर क्लीनर तक के एफएमसीजी खंड में है। आरआरवीएल ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 3.30 लाख करोड़ रुपये का एकीकृत कारोबार किया था।

# पोस्ट ऑफिस की टीडी योजनाः निवेश एक लाख, पांच वर्ष में ब्याज रिटर्न 44,995 रुपए

### - पांच वर्षीय टीडी पर 7.5 फीसदी ब्याज दर लागू





**नई दिल्ली ।**

पोस्ट ऑफिस की पांच वर्षीय टाइम डिपॉजिट (टीडी) योजना उन निवेशकों के लिए आदर्श है, जो शून्य जोखिम वाले निवेश की तलाश में हैं। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा समर्थित है और निवेशकों को निश्चित ब्याज दर पर रिटर्न देती है। इस योजना में निवेशक 1, 2, 3 या 5 वर्ष के लिए निवेश कर सकते हैं, जिसमें पांच वर्षीय टीडी सबसे लोकप्रिय है। पांच वर्षीय टीडी निवेशकों को स्थिर और गारंटीड रिटर्न के साथ टैक्स लाभ भी देता है।

निवेशक आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये तक की टैक्स छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो लंबी अवधि में सुरक्षित रिटर्न चाहते हैं। निवेश करने के लिए अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस में टीडी खाता खोलना होगा। आवश्यक केवायसी दस्तावेज़ जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड और फोटो जमा करना अनिवार्य है। खाता नकद, चेक या बैंक ट्रांसफर के जरिए तुरंत खोला जा सकता है। खाता सिंगल या जॉइंट भी हो सकता है।

वर्तमान में पोस्ट ऑफिस की पांच वर्षीय टीडी पर 7.5 फीसदी ब्याज दर लागू है। 1,00,000 रुपये निवेश करने पर 5 वर्षों में कुल रिटर्न 44,995 रुपये होगा और मेच्योरिटी राशि 1,44,995 रुपये तक पहुंच जाएगी। ब्याज सालाना भुगतान होता है, लेकिन गणना त्रैमासिक आधार पर की जाती है।

# रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में किया बदलाव

### - ओवरलिमिट के नाम पर नहीं चलेगा बैंक का खेल

**नई दिल्ली ।** डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन के बीच देश में क्रेडिट कार्ड का उपयोग तेजी से बढ़ा है। लेकिन कई बार ग्राहक अनजाने में अपनी निर्धारित कार्ड लिमिट से अधिक खर्च कर लेते हैं, जिसके कारण बैंकों द्वारा भारी ओवरलिमिट शुल्क लगाया जाता है। ऐसे बढ़ते मामलों को देखते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अब क्रेडिट कार्ड से जुड़े अहम नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ये नए नियम करोड़ों कार्ड उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आए हैं। आरबीआई ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अब कोई भी बैंक या कार्ड जारीकर्ता ग्राहक की स्पष्ट सहमति के बिना ओवरलिमिट फीचर सक्रिय नहीं कर सकेगा। पहले कई बैंक इस सुविधा को स्वतः सक्रिय कर देते थे, जिससे ग्राहक अनजाने में अपनी लिमिट से अधिक खर्च कर बैठते थे और बाद में उन्हें भारी ओवरलिमिट चार्ज चुकाना पड़ता था। आरबीआई ने इस प्रथा पर पूरी तरह रोक लगा दी है। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी कार्ड जारीकर्ताओं को अपने मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर एक ट्रांजैक्शन कंट्रोल फीचर उपलब्ध कराना होगा। इस फीचर के माध्यम से ग्राहक अपनी सुविधा के अनुसार ओवरलिमिट सुविधा को ऑन या ऑफ कर सकेंगे। यह विकल्प 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि ग्राहक ने ओवरलिमिट की अनुमति नहीं दी है, तो कार्ड किसी भी स्थिति में निर्धारित लिमिट से अधिक खर्च की अनुमति नहीं देगा।

# सरकार का बड़ा फैसलाः सभी नए स्मार्टफोनों में 'संचार साथी' ऐप अनिवार्य

### - 'संचार साथी' ऐप उपयोगकर्ताओं द्वारा हटाया नहीं जा सकेगा

**नई दिल्ली ।**

भारत सरकार ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नया आदेश जारी किया है। इसके तहत अब देश में बिकने वाले सभी नए स्मार्टफोन में 'संचार साथी साइबर सेफ्टी ऐप' पहले से इंस्टॉल होना अनिवार्य होगा। साथ ही इसे यूज़र द्वारा हटाया नहीं जा सकेगा। जो फोन पहले से सप्लाई चेन में हैं, उनके लिए यह ऐप सॉफ़्टवेयर अपडेट के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार का मानना है कि साइबर धोखाधड़ी, फोन चोरी, सिम कार्ड के दुरुपयोग और अन्य साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। 'संचार साथी' ऐप इन जोखिमों से सुरक्षा बढ़ाने में मदद करता है। इसे अनिवार्य बनाकर हर यूज़र इसके सुरक्षा फीचर्स का लाभ उठा सकेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम फोन निर्माता कंपनियों की प्रीलोडेड ऐप पॉलिसी, सॉफ्टवेयर कस्टमाइजेशन और डेटा सुरक्षा अनुपालन पर असर डाल सकता है। कंपनियों को अपने सिस्टम अपडेट और फ्रेमवर्क में बदलाव करना होगा। चूंकि ऐप हटाया नहीं जा सकेगा, कई यूज़र्स इसे बाध्यकारी ऐप के रूप में देख सकते हैं। सरकार का दावा है कि यह कदम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया गया है।





## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिक डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 41 पैसे की गिरावट के साथ ही 89.94 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की व्यापक मजबूती और लगातार विदेशी पूंजी की निकासी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में 32 पैसे टूटकर 89.85 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार कंपनियों, आयातकों और विदेशी निवेशकों द्वारा डॉलर की मजबूत मांग ने रुपये पर अतिरिक्त दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 89.70 पर खुला था, जो जल्दी ही नए निचले स्तर पर फिसल गया। सोमवार को यह 89.79 प्रति डॉलर तक गिरने के बाद 89.53 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 99.41 पर स्थिर दिखा।





## सुप्रीम कोर्ट ने की रिलायंस और अधिकारियों की याचिका खारिज

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और उसके दो अधिकारियों की याचिका खारिज कर दी। याचिका प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सेट) के फैसले के खिलाफ थी, जिसमें जियो-फेसबुक सौदे के बारे में शेयर बाजार को तुरंत स्पष्टीकरण न देने पर सेबी का 30 लाख रुपये का जुर्माना बरकरार रखा गया था। सेबी ने पाया कि आरआईएल और उसके अधिकारी अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) का तत्काल खुलासा करने में विफल रहे। जुर्माने का निर्णय जून 2022 में लिया गया था और सेट ने इसे दो मई 2025 को बरकरार रखा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि सेट के निष्कर्ष हस्तक्षेप योग्य नहीं हैं और इसमें कोई कानूनी सवाल नहीं है।

## दिल्ली-मुंबई एयरपोर्ट में सफर करना हो सकता है महंगा

### - विवादित आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के इंदिरा गांधी और मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों पर यात्रियों से वसूले जाने वाले यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) में भारी वृद्धि हो सकती है। यह टेलीकॉम डिस्प्यूट्स सेटलमेंट एंड अपीलेट ट्रिब्यूनल (टीडीएसएटी) के हालिया आदेश के कारण सामने आया है, जिसमें 2009-2014 के एयरलाइन टैरिफ की गणना का फॉर्मूला दोबारा तय किया गया है। दिल्ली में घरेलू यात्रियों के लिए यूडीएफ 129 रुपए से बढ़कर 1,261 रुपए और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए 650 से 6,356 रुपए तक हो सकता है। मुंबई में घरेलू यात्रियों के लिए यह 175 से 3,856 रुपए और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए 615 से 13,495 रुपए तक पहुंच सकता है। भारतीय और विदेशी एयरलाइंस ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

## टाटा स्टील का पोर्ट टैलबॉट प्लांट में बड़ा बदलाव, आय प्रभा वित

### - टाटा स्टील की पुरानी भट्टी बंद कर नई इलेक्ट्रिक भट्टी लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली ।**

टाटा स्टील का पोर्ट टैलबॉट प्लांट सितंबर 2024 में अपनी आखिरी पारंपरिक भट्टी बंद कर चुका है। इसके स्थान पर कंपनी इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) लगा रही है, जो बिजली से चलेगी और कम प्रदूषण करेगी। इस नई भट्टी की कुल लागत 1.25 बिलियन पाउंड है, जिसमें से 500 मिलियन पाउंड सरकार दे रही है। नया प्लांट 2027 के अंत तक तैयार होने की उम्मीद है। जब तक नया प्लांट नहीं बनता, टाटा स्टील यूके दूसरे देशों से स्टील स्लैब मंगाकर काम चला रही है। इससे लॉजिस्टिक व्यवस्था कठिन हो गई है और उत्पादन खर्च बढ़ गया है। वहीं वैश्विक बाजार में स्टील की कीमतें गिरने से कंपनी की कमाई पर सीधा असर पड़ा है। कंपनी पिछले साल 200 मिलियन पाउंड बचा चुकी थी और इस साल भी उतना ही बचाने की योजना है। कुल तय लागत में से लगभग 40 फीसद की कटौती की गई है। कर्मचारियों की संख्या कम की गई, कई कॉन्ट्रेक्ट दोबारा किए गए और दफ्तर में खर्च पर रोक लगाई गई है। फिर भी, बाजार की कमजोरी के कारण ये बचत पूरी तरह लाभकारी नहीं हो रही। ब्रिटेन में फ्लैट स्टील की मांग 2018 से 33 फीसद कम हो गई है, जबकि आयात की सीमा 20 फीसदी बढ़ गई है। इससे विदेशी सस्ता स्टील बाजार में भर गया और घरेलू कीमतें गिर गईं। टाटा स्टील का कहना है कि अगर सरकार यूरोप जैसी कठोर आयात नीतियां अपनाए, तो उद्योग की स्थिति जल्दी सुधर सकती है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 503, निफ्टी 143 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवारा को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से आई है। आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 503.63 अंकों टूटकर 85,138.27 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स 143.55 अंक नीचे आकर 26,032.20 अंकों पर बंद हुआ। आज बैंकिंग स्टॉक्स सहित सेंसेक्स और निफ्टी की ज्यादातर कंपनियों के शेयर नीचे आये थे। वहीं गत दिवस भी बाजार हल्की गिरावट पर बंद हुआ था।

आज सेंसेक्स की 30 में से केवल 10 कंपनियों के शेयर भी तेजी के साथ में बंद हुए और शेष सभी 20 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। इसी तरह निफ्टी की 50 में से केवल 15 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए और शेष सभी 35 कंपनियों के शेयर गिरे। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एशियन पेंट्स के शेयर सबसे ज्यादा 3.17 फीसदी बढ़कर बंद हुए जबकि आईसीआईसीआई बैंक के शेयर आज सबसे ज्यादा 1.14 फीसदी नीचे आकर बंद हुए।

इनके अलावा, आज सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में भारती एयरटेल , मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस , हिंदुस्तान यूनिलीवर , एनटीपीसी , टेक महिंद्रा, ट्रेंट , टीसीएस और टाइटन के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक , एचडीएफसी बैंक, बीईएल , एलएंडटी, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स , महिंद्रा एंड महिंद्रा , आईटीसी , टीएमपीवी, एचसीएल टेक , टाटा स्टील , कोटक महिंद्रा बैंक , के शेयर गिरे।

इससे पहले आज सुबह बाजार` गिरावट के साथ खुले। शुरुआत में सेंसेक्स 300 से अधिक अंक टूटकर 85,325 पर खुला। हालांकि इसके बाद कुछ रिकवरी देखने को मिली। इसी तरह निफ्टी भी कमजोरी के साथ 26,087 पर खुलने के कुछ देर बाद यह 57.85 अंक की गिरावट के साथ 26,117 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजारों की बात करें तो मंगलवार को एशियाई इंडेक्स में मजबूती दिखी। कोस्पी 1.02 फीसदी मजबूती के साथ बंद हुआ। जापान का निक्केई 225 शुरुआती कारोबार में 0.54 फीसदी चढ़ा, हालांकि जापानी सरकारी बॉन्ड यील्ड में उछाल आया और 10-वर्षीय यील्ड 1.88 फीसदी तक पहुंच गई, जो 2008 के बाद सबसे ऊंचा स्तर है। उधर, वॉल स्ट्रीट पर क्रिप्टो-प्रेरित बिकवाली से निवेशकों की धारणा कमजोर रही। एसएंडपी 500 में 0.53 फीसदी, नैस्डैक में 0.38 फीसदी और डॉव जोन्स में 0.9 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई।



## रिलायंस ने स्टार इंडिया का जियोस्टार में विलय पूरा किया

### - संयुक्त कंपनी का मूल्य लगभग 8.5 अरब अमेरिकी डॉलर





**नई दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी अनुषंगी कंपनी स्टार टेलीविजन प्रोडक्शंस लिमिटेड (एसटीपीएल) का जियोस्टार के साथ विलय पूरी कर ली है। एसटीपीएल 'स्टार' ब्रांड की मालिक है और समूह कंपनियों को इसे लाइसेंस देती है। रिलायंस ने 14 नवंबर 2024 को इस विलय योजना की जानकारी दी थी। जियोस्टार ने 30 नवंबर 2025 को सूचना दी कि विलय अब प्रभावी हो गया है। जियोस्टार, रिलायंस के मीडिया कारोबार और वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के विलय के बाद बनी संयुक्त कंपनी है। संयुक्त कंपनी का मूल्य लगभग 8.5 अरब अमेरिकी डॉलर आंका गया है। यह भारत का प्रमुख मीडिया और मनोरंजन मंच बन चुका है। जुलाई-सितंबर तिमाही में जियोस्टार ने 7,232 करोड़ रुपये का राजस्व और 1,322 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। फरवरी में जियोसिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार का विलय कर नया ओटीटी प्लेटफॉर्म 'जियोहॉटस्टार' लॉन्च किया गया था। इस विलय से रिलायंस मीडिया कारोबार को और मजबूत और व्यापक टीवी व ओटीटी प्लेटफॉर्म का नेतृत्व हासिल होगा।

# विप्रो ने हरमन की डीटीएस इकाई का 37.5 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण किया

### - विप्रो की बड़े पैमाने पर नवाचार करने की क्षमता बढ़ेगी

**नई दिल्ली।**

बेंगलुरु मुख्यालय वाली आईटी सेवा कंपनी विप्रो ने हरमन की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सॉल्यूशंस (डीटीएस) कारोबार इकाई का अधिग्रहण नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद पूरा कर लिया है। यह अधिग्रहण 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 3,270 करोड़ रुपये) में हुआ। कंपनी ने 21 अगस्त 2025 को इस सौदे की घोषणा की थी। विप्रो ने कहा कि डीटीएस का अधिग्रहण कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमताओं, इंजीनियरिंग नवाचार और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी)उत्कृष्टता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विप्रो की एंड-टू-एंड इंजीनियरिंग सेवाओं की पेशकश मजबूत होगी और बड़े पैमाने पर नवाचार करने की क्षमता बढ़ेगी। विप्रो के प्रबंध साझेदार और इंजीनियरिंग के वैश्विक प्रमुख ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी को जटिल व्यावसायिक बदलावों को समर्थन देने और मापनीय व्यावसायिक मूल्य प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। डीटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि विप्रो की वैश्विक पहुंच और उन्नत तकनीकी क्षमताएं नए उद्योगों में विस्तार और ग्राहकों को बेहतर समाधान देने का आधार प्रदान करेंगी। इस अधिग्रहण के साथ, विप्रो ने अपनी तकनीकी और नवाचार क्षमता को वैश्विक स्तर पर मजबूत किया है, जिससे यह उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करेगा।

wipro

## वेकफिट का आईपीओ आठ दिसंबर को खुलेगा

### - मूल्य दायरा 185-195 रुपये प्रति शेयर


**नई दिल्ली ।** घरेलू सामान एवं फर्नीचर बनाने वाली कंपनी वेकफिट इनोवेशंस ने अपने 1,289 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 185-195 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। बेंगलुरु स्थित कंपनी का आईपीओ आठ दिसंबर को खुलेगा और 10 दिसंबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक पांच दिसंबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 377.18 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और करीब 912 करोड़ रुपये मूल्य के 4,67,54,405 शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इससे कुल मिलाकर इसका आकार 1,289 करोड़ रुपये बैठता है। कंपनी के शेयर 15 दिसंबर को बाजार में सूचीबद्ध होंगे।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 03 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in



# रुक्मिणी वसंत का सीक्रेट माइंड मैजिक जो उन्हें जमीन पर टिकाए रखता है!

तेज़ रफ्तार शेड्यूल, लगातार सफ़र और हर दिन नई-नई चुनौतियाँ — एक उभरती अभिनेत्री की ज़िंदगी बाहर से जितनी ग्लैमरस दिखती है, अंदर उतनी ही तूफ़ानी हो सकती है। लेकिन रुक्मिणी वसंत ने इस तूफ़ान के बीच अपनी शांति ढूंढ़ ली है — एक बेहद सरल, बेहद निजी और चौंकाने वाला रिचुअल – जर्नलिंग। हाँ, डायरी में लिखना — वही पुरानी आदत, जिसे हममें से कई लोग छोड़ चुके हैं — यही रुक्मिणी की सबसे बड़ी सुपरपावर है। चाहे दिन कितना भी भागमभाग वाला हो, चाहे सेट पर कितने भी सीन हों, चाहे सफ़र कितना भी लंबा हो, रुक्मिणी रात को अपनी डायरी के पन्नों से ज़रूर मिलती हैं। यह उनका तरीका है खुद से दोबारा जुड़ने का, मन के शोर को शांत करने का और ज़िंदगी को एक साफ़ नज़र से देखने का। वह इस रिचुअल पर खुलकर कहती हैं, जर्नलिंग वही जगह है जहाँ मैं रुककर खुद को देख पाती हूँ। मैं अपनी पुरानी डायरीज़ खूब पढ़ती हूँ — वो नज़रिया देती हैं। बिर्बल से पहले की मेरी चिंता, ड्रामा स्कूल के दिनों की उलझनेंज आज से इतनी अलग, पर उतनी ही सच्ची। इससे समझ आता है कि जो आज बड़ा तूफ़ान लग रहा है, कुछ साल बाद वही हल्की सी हवा जैसा।

# दिल्ली क्राइम 3 की सफलता का लुत्फ उठा रही शेफाली शाह



एक्ट्रेस शेफाली शाह हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज दिल्ली क्राइम सीजन 3 की सफलता का आनंद उठा रही हैं। दर्शक उनकी दमदार अदाकारी की सराहना कर रहे हैं। इस कड़ी में शेफाली ने दर्शकों का आभार जताया। शेफाली शाह ने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे अपने करियर में ऐसे रोल मिले, जिन्होंने न सिर्फ मुझे चुनौती दी, बल्कि दिल की गहराइयों को भी छुआ। दिल्ली क्राइम का गंभीर किरदार, डार्लिंग्स में निभाया गया जटिल रोल और करियर की शुरुआती फिल्म सत्या के अनुभव... इन सभी ने मेरे अभिनय को नई दिशा दी। इन भूमिकाओं को दर्शकों से जितना प्यार मिला, वह मेरी उम्मीदों से कहीं ज्यादा है। हर किरदार ने मुझे एक अलग तरह से बदला, एक कलाकार के रूप में संवारा और यह सफर मेरे लिए बेहद सीखने का अवसर रहा। उन्होंने कहा, जब मैं अपने सफर के बारे में बात करती हूं, तो मुझे हमेशा याद आता है कि मैंने स्टोरीटेलिंग से प्यार क्यों किया था। मेरे लिए अभिनय सिर्फ काम नहीं, बल्कि एक एहसास है, जो लगातार सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जब दर्शक मेरे अभिनय को समझते हैं, महसूस करते हैं और उसकी सराहना करते हैं, तो यह एक कलाकार के तौर पर बहुत भावुक और संतोष देने वाला अनुभव होता है। बता दें कि आईएफपी महोत्सव में हर साल बॉलीवुड के जाने-माने कलाकार, निर्देशक और उद्योग विशेषज्ञ वक्ता, मेंटर्स और जजों के रूप में शामिल होते हैं। यह नए और स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं, लेखकों और कंटेंट क्रिएटर्स को अपना काम दिखाने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करता है। यहां से कई उभरते हुए टैलेंट को बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफार्मों में काम करने का मौका मिलता है। शेफाली ने कहा कि आईएफपी ने ऐसा माहौल बनाया है जहां कलाकार और दर्शक एक-दूसरे से ईमानदारी के साथ जुड़ते हैं। यह मंच क्रिएटर्स को न सिर्फ अपनी कला दिखाने का अवसर देता है, बल्कि विचारों का ऐसा खुला आदान-प्रदान करवाता है जो उन्हें और भी बेहतर बनाने में मदद करता है।



# विजय सेतुपति और निर्देशक पुरी जगन्नाथ की पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग हुई पूरी

**साउथ एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों साउथ निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म में काम कर रहे हैं। आज फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। इसी मौके का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पुरी और विजय फिल्म के बारे में खास बातें करते नजर आ रहे हैं।**

विजय काफी समय से निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, जो आज पूरी हो चुकी है। फिल्म के सेट से एक वीडियो पुरी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म के आखिरी दिन के शूट को लेकर विजय बेहद उदास नजर आए। इस वीडियो में एक्ट्रेस चार्मी कौर वीडियो कॉल पर नजर आ रही हैं और दोनों से फिल्म को लेकर बातें कर रही हैं। चार्मी, विजय और पुरी का यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। पुरी और विजय ने फिल्म की शूटिंग के आखिरी दिन को लेकर कहा कि वे पहले से ही एक-दूसरे को मिस कर रहे हैं।

फिल्म निर्माताओं का पोस्ट पुरी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस वीडियो को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, Puri Sethupathi की फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। सेट पर कई महीनों की भावनात्मक और आनंदमय यात्रा के बाद, टीम ने फिल्म की पूरी शूटिंग खत्म कर ली है। जल्द ही कुछ रोमांचक अपडेट के लिए तैयार हो जाइए। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

### विजय और पुरी की आने वाली फिल्म के बारे में

विजय सेतुपति की इस आगामी फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में अभिनेत्री संयुक्ता नजर आएंगी। इस फिल्म का टाइटल 23 सितंबर, 2025 को रिलीज होना था, लेकिन कुछ वजहों से इसमें देरी हो गई। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। इस फिल्म में विजय और संयुक्ता के अलावा तब्बू भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। वहीं ब्रह्माजी सहायक भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की घोषणा 2025 में की गई थी और इसकी शूटिंग जून 2025 में शुरू हुई थी। इस फिल्म का निर्माण पुरी कनेक्ट्स और जेबी मोशन पिक्चर्स ने मिलकर किया है। इस फिल्म का संगीत हर्षवर्धन रामेश्वर ने तैयार किया है।



# कीर्ति सुरेश ने सुनाई व्यथा

## कहा- लाइटमैन 2-3 घंटे सोते हैं

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। दसारा और बेबी जॉन की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है। हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म रिवॉल्वर रीटा के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7.30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6.30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5.30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6.30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है।

कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, अब, मुझे रात 11.30 बजे सोने के बाद सुबह 5-30 बजे फिर उठना पड़ता है। कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं। यह एक आइडियल 9 बजे से 6 बजे तक की शिफ्ट में है।

कीर्ति सुरेश बोलीं- लाइटमैन तो 2-3 घंटे ही सो पाते हैं

साल 2018 में महानति के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार पा चुकीं कीर्ति ने बताया कि हिंदी और मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर 12 घंटे की शिफ्ट होती है। उन्होंने सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फिल्म के क्रू मेंबर्स खासकर लाइटमैन की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, केरल में लाइटमैन 2-3 घंटे सोते हैं। हालांकि, नींद भी खाने या एक्सरसाइज जितनी ही जरूरी है। ये वो साथी हैं, जो सेट पर एक्टर्स से भी पहले पहुंचते हैं।



# सफलता का मतलब शोहरत नहीं, बल्कि खुद को नए रूप में गढ़ने का साहस है

**रसिका दुग्गल बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने अपनी बेहतरीन एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है। छोटे शहर जमशेदपुर से बड़े पर्दे तक उनका सफर मेहनत, लगन और हिम्मत की कहानी है। 'मिर्जापुर', 'मंटो' और 'दिल्ली क्राइम' जैसे प्रोजेक्ट्स में उनके दमदार किरदारों ने उन्हें अलग पहचान दी। हालांकि करियर के शुरुआती दौर में उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई प्रोड्यूसर्स ने कहा कि वे सेलेबल नहीं हैं, यहां तक कि एक डायरेक्टर ने उनसे असम्मानजनक व्यवहार भी किया था। लेकिन रसिका ने ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाए रखी और अपने काम पर ध्यान दिया। किराया भरने की चिंता और बार-बार रिजेक्शन झेलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। रसिका का मानना है कि सफलता का मतलब शोहरत नहीं, बल्कि हर दिन खुद को नए रूप में गढ़ने का साहस है।**

मैंने ऐसे कभी नहीं सोचा था कि एक्टर ही बनना है, लेकिन जिसमें भी मुझे मौका मिलता, मैं वो बड़े मजे से करती थी। एक्टिंग को मैं आगे चलकर करियर बनाऊंगी, ये कभी नहीं सोचा था। न फैमिली में कोई ऐसा उदाहरण था सब बिजनेस लाइन से थे। कुछ लोग होते हैं ना, जो बचपन से एक्टर बनने का सपना देखते हैं और बाथरूम में शैंपू की बोतल पकड़कर अपनी विनिंग स्पीच दे रहे होते हैं, वैसा नहीं था मेरे साथ।

अनवर के बाद मुझे अनुराग कश्यप की फिल्म 'नो स्मोकिंग' मिली थी। जब मेरा सिलेक्शन हुआ, तो प्रोड्यूसर ने बुलाया और कहा कि आकर पैसों पर बात कर लो। मैं गई, तो उन्होंने पूछा, कितने पैसे लोगी? मैंने थोड़ी हिम्मत करके कहा कि प्रतिदिन 7500 रुपए। वो बोले, अरे, ये तो बहुत ज्यादा है, थोड़ा कम करो। घर आकर मैंने अपने दोस्त दीपक डोबरियाल को बताया, तो वो हंसने लगा और बोला, तूने इतना मांग भी लिया! फिर बात तय हुई और मुझे प्रतिदिन 5000 रुपए मिले। जबकि पहली फिल्म 'अनवर' के लिए तो सिर्फ 3000 रुपए प्रतिदिन मिले थे।

### इंटीमेट सीन कहानी की जरूरत थी, सेंसशनलाइज नहीं किया गया

रसिका दुग्गल ने अपने एक्टिंग करियर में कई फिल्मों और वेब सीरीज में दमदार भूमिका निभाई है। खास करके वेब सीरीज मिर्जापुर में बीना त्रिपाठी की भूमिका ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। इस सीरीज में उनके इंटीमेट सीन की भी खूब चर्चा हुई। उस सीन के बारे में रसिका कहती हैं- वो सीन स्क्रिप्ट के पॉइंट ऑफ व्यू से जरूरी था।

उसे जबरदस्ती या सेंसशनलाइज करने के लिए नहीं डाला गया था। पुनित कृष्ण जो राइटर हैं, उन्होंने हर किरदार को बहुत सेंसिटिवली बिल्ड किया था। रही बात इंटिमेट सीन की तो पुनित, गुरमीत और करण ने शूट से पहले मुझे हर शॉट के बारे में बताया। सेट पर कौन मौजूद होगा, क्लोज सेट रहेगा, ये सारी बातें पहले ही डिस्कस हो गई थीं, जो मेरे कंफर्ट के लिए जरूरी थीं। अब तो इंटीमेसी कोऑर्डिनेटर आ गए हैं, लेकिन तब नहीं थे।

### खुद को रीइन्वेंट करते रहना चाहिए

मेरे लिए सफलता का मतलब सिर्फ नाम या शोहरत नहीं है। मुझे तब लगता है कि कुछ हासिल किया है जब मैं अपना काम दिल से कर पाऊं और वो मुझे सच्ची खुशी दे। अगर हर दिन कुछ नया सीखने को मिले, कुछ नया खोजने को मिले, तो वही मेरे लिए सक्सेस है। मुझे लगता है कि इंसान को बार-बार खुद को रीइन्वेंट करते रहना चाहिए, क्योंकि वहीं से आगे बढ़ने की असली प्रेरणा मिलती है। और ऐसा तभी हो सकता है जब आप रिस्क लेने की हिम्मत रखें, डरने के बजाय नए अनुभवों को अपनाने की कोशिश करें।

### दिल्ली क्राइम और मिर्जापुर ने ब्लॉकबस्टर सी फील दी

मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट नंदिता दास की फिल्म मंटो से आया। उससे पहले इरफान खान और तिलोत्तमा के साथ किस्सा जैसी खास फिल्में कीं, पर मंटो ने नया रास्ता दिखाया। उस समय कई डायरेक्टर्स मुझे प्रोजेक्ट में लेना चाहते थे, लेकिन प्रोड्यूसर्स ने कहा- मैं सेलेबल नहीं हूं। फिर नंदिता ने मुझमें भरोसा जताया और मंटो में सफिया मंटो का रोल दिया। यही निर्णायक मोड़ रहा। उसके बाद दिल्ली क्राइम और मिर्जापुर जैसे शो आए, जिसने बड़े ऑडियंस के सामने मेरी पहचान बनाई और ब्लॉकबस्टर सी फील दी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in